संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

सफलता उसी को मिलती है जो मेहनत से डरता नहीं और असफलता से सीखता है।



1961 – भारत ने संयुक्त राष्ट्र में परमाणु निरस्त्रीकरण की मांग उठाई।

पूर्णिया ,बुधवार | 15 अक्टूबर 2025 | email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 225

# प्रधानमंत्री 16 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश में 13,430 करोड़ की विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास, उद्घाटन



**नई दिल्ली,** (हि.स.) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के नंदयाल जिले स्थित प्रसिद्ध श्री भ्रमरम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में पूजा-अर्चना करेंगे। यह मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों और 52 शक्तिपीठों में से एक है। यहां एक ही परिसर में ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ दोनों स्थित हैं, जिससे यह एक अद्वितीय धार्मिक स्थल बनता है।

**शिवाजी स्फूर्ति केंद्र का भ्रमण**

पूजा के बाद प्रधानमंत्री श्रीशैलम स्थित श्री शिवाजी स्फूर्ति केंद्र का दौरा करेंगे। यह स्मारक छत्रपति शिवाजी महाराज की श्रीशैलम यात्रा (1677) की स्मृति में बनाया गया है। इसमें शिवाजी महाराज की ध्यान मुद्रा में प्रतिमा और उनके चार प्रमुख किलों — प्रतापगढ़, राजगढ़, रायगढ़ और शिवनेरी — के मॉडल बने हैं।

**13,430 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण**

प्रधानमंत्री कुरनूल में 13,430 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें सड़क, रेलवे, ऊर्जा, उद्योग, रक्षा और पेट्रोलियम क्षेत्र की परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री 2,880 करोड़ की पारेषण प्रणाली सुदृढ़ीकरण परियोजना और 4,920 करोड़ की औद्योगिक परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे, जिससे लाखों रोजगार सृजित होंगे।

**आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम** : कृष्णा जिले के निम्मलुरु में 360 करोड़ की लागत से बनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की नाइट विजन फैक्ट्री को प्रधानमंत्री राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह इकाई रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई दिशा देगी। इसके अलावा, प्राकृतिक गैस पाइपलाइन और एलपीजी बॉटलिंग प्लांट जैसी परियोजनाएं ऊर्जा क्षेत्र को सुदृढ़ करेंगी।

## रक्षा मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था बनाए रखने में भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया

**- संयुक्त राष्ट्र में सैन्य योगदान देने वाले 32 देशों के वरिष्ठ अधिकारियों का सम्मेलन शुरू हुआ**

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदानकर्ता देशों (यूएनटीसीसी) प्रमुखों के सम्मेलन में भारत की अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि कुछ देश अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर वैश्विक संतुलन को कमजोर कर रहे हैं, जबकि भारत हमेशा शांति और सुरक्षा के पक्ष में खड़ा रहा है।



मानेकशा सेंटर, नई दिल्ली में शुरू हुए इस सम्मेलन में 32 देशों के सैन्य अधिकारी शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के लिए शांति स्थापना एक आस्था का विषय है, क्योंकि हजारों भारतीय संयुक्त राष्ट्र के झंडे तले शांति के लिए कार्यरत हैं।

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि भारत ने 71 में से 51 संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में तीन लाख सैनिक भेजे हैं। यह सम्मेलन वैश्विक शांति और सहयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

> **भारत ने अब तक संयुक्त राष्ट्र के 51 शांति अभियानों में तीन लाख सैनिक भेजे हैं।**
>
> \-------------
>
> **थल सेना प्रमुख ने कहा— यह सम्मेलन वैश्विक शांति और सहयोग को सशक्त बनाने का अवसर है।**

## वित्त मंत्री चार दिन के कर्नाटक दौरे पर, किसान प्रशिक्षण केंद्रों का करेंगी उद्घाटन

**नई दिल्ली,** (हि.स.) केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार से कर्नाटक के चार दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वह किसान प्रशिक्षण केंद्रों और कृषि प्रसंस्करण के लिए साझा सुविधा केंद्रों का उद्घाटन करेंगी।



वित्त मंत्रालय के मुताबिक यात्रा के दौरान वित्त मंत्री उन युवाओं से भी बातचीत करेंगी, जो पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के तहत शामिल हुए हैं। राज्यसभा में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करने वाली वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण चिलावदगी गांव में मुरमुरे की एक एमएसएमई इकाई का भी दौरा करेंगी। सीतारमण कर्नाटक यात्रा के दौरान कृषि प्रसंस्करण के लिए किसान प्रशिक्षण केंद्रों और सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) का उद्घाटन करने के अलावा कर्नाटक ग्रामीण बैंक के प्रदर्शन की समीक्षा भी करेंगी।

## ईडी की 70 करोड़ रुपये के बैंक ऋण 'धोखाधड़ी' मामले में कई राज्यों में छापेमारी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को 70 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत कई राज्यों में छापेमारी की। ईडी ने यह कार्रवाई 70 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में की है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत केंद्रीय जांच एजेंसी की दिल्ली, हैदराबाद, जयपुर और मुंबई में करीब चार परिसरों पर छापेमारी चल रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी की यह कार्रवाई यशदीप शर्मा और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ सीबीआई की प्राथमिकी का संज्ञान लेने के बाद हुई है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक शर्मा और उनके परिवार ने अपने स्वामित्व और नियंत्रण वाली संस्थाओं के जरिए पंजाब एंड सिंध बैंक से लिए गए 70 करोड़ रुपये के ऋण का "घपला" किया। दरअसल ऋण की राशि कथित तौर पर शर्मा के स्वामित्व और नियंत्रण वाली विभिन्न संस्थाओं में स्थानांतरित कर दी गई, जो किसी भी व्यावसायिक गतिविधि में शामिल नहीं थीं।



# बिहार विधानसभा चुनाव : नीतीश की नाराजगी के बाद राजग में सीट शेयरिंग फॉर्मूले में बदलाव संभव !

**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव-2025 की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके बाद से प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह सक्रिय हो गया है और जिला स्तर पर चुनावी तैयारियों की समीक्षा तेज हो गई है। निर्वाचन आयोग ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि आचार संहिता का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**1. आचार संहिता के लागू होने के साथ प्रशासन अलर्ट**
चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही आचार संहिता लागू हो गई है। इसके तहत किसी भी सरकारी योजना की नई घोषणा, उद्घाटन, शिलान्यास या सरकारी विज्ञापन पर रोक लग गई है। सभी जिलों में अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि सरकारी संपत्तियों का राजनीतिक उपयोग न होने दें और किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर तुरंत कार्रवाई करें।

**2. सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष सक्रिय** : राज्य के सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष (Control Room) स्थापित कर दिए गए हैं। शिकायतों के निपटारे के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं जो 24 घंटे निगरानी रखेंगी। सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी कोई पोस्ट वायरल न हो। जिला प्रशासन ने चुनावी माहौल को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए पुलिस बलों की तैनाती बढ़ा दी है।

**3. चुनाव खर्च और प्रचार पर निगरानी** : आचार संहिता के तहत प्रत्याशियों के चुनाव खर्च पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। खर्च की सीमा से अधिक व्यय पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स को हटाने का काम भी चल रहा है। चुनाव आयोग ने बताया कि किसी भी दल या उम्मीदवार को सार्वजनिक धन का उपयोग प्रचार के लिए नहीं करने दिया जाएगा।

**4. मतदाताओं के लिए स्वीप अभियान तेज** : आचार संहिता लागू होने के बावजूद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे। स्वीप (SVEEP) अभियान के तहत प्रत्येक जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण, मतदान केंद्रों की तैयारी और नए वोटरों के पंजीकरण पर जोर दिया जा रहा है। निर्वाचन आयोग का लक्ष्य शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है।

**5. अधिकारियों को मिली कड़ी चेतावनी** ' मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी राजनीतिक दबाव में आए बिना निष्पक्षता के साथ चुनाव कराएं। आचार संहिता के उल्लंघन पर किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

1 नीतीश कुमार ने जदयू की पारंपरिक सीटें लोजपा-आर को दिए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई।

2 नीतीश ने संजय झा और ललन सिंह से भाजपा नेतृत्व से दोबारा बातचीत करने को कहा।

3 मांझी और कुशवाहा ने भी सीटों की संख्या को लेकर असंतोष प्रकट किया।

4 भाजपा ने दावा किया कि राजग में सीट शेयरिंग पर सौहार्दपूर्ण सहमति बनी है।

5 सूत्रों के अनुसार, नीतीश की नाराजगी दूर करने के लिए अमित शाह पटना आ सकते हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव : भाजपा ने 71 उम्मीदवारों की पहली सूची की जारी,वरिष्ठ नेता नंदकिशोर यादव का कटा टिकट

**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को अपनी पहली उम्मीदवार सूची जारी की। इस सूची में कुल 71 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। पटना में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने औपचारिक रूप से उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल के रूप में भाजपा इस बार जनता दल (यूनाइटेड) और अन्य सहयोगी दलों के साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरेगी। राजग के सीट बंटवारे के तहत भाजपा इस बार 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।



**प्रमुख उम्मीदवारों की घोषणा**
सूची के अनुसार बेतिया से रेणु देवी, रक्सौल से प्रमोद कुमार सिन्हा, पिपरा से श्यामबाबू प्रसाद यादव, मोतिहारी से प्रमोद कुमार, ढाका से पवन जायसवाल, रीगा से बैद्यनाथ प्रसाद, परिहार से गायत्री देवी, सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिंटू और बेनीपट्टी से विनोद नारायण झा को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। खजौली से अरुण शंकर प्रसाद, बिस्फी से हरिभूषण ठाकुर, बथनाहा से अनिल कुमार राम और मधुबन से राणा रणधीर सिंह भी पहली सूची में शामिल हैं।

**अन्य जिलों के उम्मीदवार**
भाजपा ने राजनगर से सुजीत पासवान, झंझारपुर से नीतीश मिश्रा, छातापुर से नीरज कुमार बबलू, नरपतगंज से देवंती यादव, फारबिसगंज से विद्या सागर केसरी, सिकटी से विजय कुमार मंडल, किशनगंज से स्वीटी सिंह, बनमनखी से कृष्ण कुमार ऋषि, पूर्णिया से विजय कुमार खेमका, कटिहार से तारकिशोर प्रसाद और दरभंगा से संजय सरावगी को उम्मीदवार घोषित किया है। इसके अलावा मुरारी मोहन झा, जिवेश कुमार मिश्रा, रमा निषाद, केदार प्रसाद गुप्ता, बरुराज से अरुण कुमार सिंह, साहेबगंज से राजू कुमार सिंह और बैकुंडपुर से मिथिलेश तिवारी भी चुनावी मैदान में उतरेंगे।

**वरिष्ठ नेता का बयान**
टिकट नहीं मिलने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कहा कि वे पार्टी के निर्णय के साथ हैं। उन्होंने कहा, "भारतीय जनता पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है। नई पीढ़ी का स्वागत है। पटना साहिब विधानसभा के लोगों ने मुझे लगातार सात बार विजयी बनाया। उनका स्नेह और समर्थन मैं कभी नहीं भूल सकता। सभी का आभार।"

» पार्टी इस बार राजग के घटक दलों के साथ मिलकर कुल 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

» बेतिया से रेणु देवी और रक्सौल से प्रमोद कुमार सिन्हा को उम्मीदवार बनाया गया।

» पटना साहिब से रत्नेश कुशवाहा और दानापुर से रामकृपाल यादव को टिकट मिला।

» अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में पूर्णिया से विजय कुमार खेमका और दरभंगा से संजय सरावगी शामिल हैं।

# भाजपा ने जारी की पहली सूची, मैथिली ठाकुर को नहीं मिला टिकट

**पटना,** (हि.स. )। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है।



इस सूची में कुल 71 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। लंबे इंतजार के बाद आई इस पहली लिस्ट में कई चर्चित नामों को जगह दी गई है, लेकिन लोकगायिका मैथिली ठाकुर का नाम इसमें शामिल नहीं है।

पिछले कुछ दिनों से मैथिली ठाकुर के चुनावी मैदान में उतरने की अटकलें तेज थीं। उन्होंने हाल ही में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और बिहार के संगठन प्रभारी विनोद तावड़े तथा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा गर्म थी कि पार्टी उन्हें किसी सीट से टिकट दे सकती है। हालांकि, भाजपा की पहली सूची जारी होने के बाद यह साफ हो गया है कि फिलहाल मैथिली ठाकुर को मौका नहीं मिला है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या मैथिली ठाकुर को आने वाले चरणों में उम्मीदवार बनाया जाता है या नहीं।

# पटना : जिलाधिकारी ने बख्तियारपुर में छठ महापर्व 2025 की तैयारियों का किया निरीक्षण

**पटना,** (हि.स.जिलाधिकारी, पटना ने बख्तियारपुर स्थित सीढ़ी घाट का भ्रमण कर छठ महापर्व, 2025 की तैयारियों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि छठव्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शौचालय, पेयजल, चेंजिंग रूम, घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, कंट्रोल रूम और एसडीआरएफ-एनडीआरएफ टीम की तैनाती सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को मानकों के अनुरूप सुचारू एवं प्रभावी बनाया जाए।



जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करने और सभी व्यवस्थाओं को पूर्णतः दुर्घटना-रहित बनाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों से फीडबैक लेकर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी तैयारियों में शामिल करने पर जोर दिया गया। अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि छठव्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रशासनिक सुविधाएँ समय पर और व्यवस्थित रूप से उपलब्ध हों। इस निरीक्षण में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि तैयारी तेज गति से और व्यवस्थित रूप से की जाए ताकि पर्व पर आने वाले श्रद्धालु सुरक्षित और सुविधाजनक अनुभव प्राप्त कर सकें। सभी संबंधित अधिकारियों को तीव्रता से कार्य कर लक्ष्य के अनुरूप तैयारियाँ पूरी करने का निर्देश दिया गया।

# शताब्दी वर्ष पर आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

**पटना,** (हि.स. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर सारण जिले के रिविलगंज खंड में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन किया गया। संचलन को देख समाज का उत्साह और सहभाग देखने योग्य था। विभिन्न स्थानों पर स्थानीय नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद पब्लिक स्कूल (मुकरेरा) के निदेशक सत्येंद्र कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में गौतम ऋषि मंदिर के महंत प्रभात दास महाराज तथा जिला कार्यवाह संजीव कुमार चौबे की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि सत्येंद्र कुमार सिंह ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिना किसी प्रचार-प्रसार के, निष्ठा और समर्पण के साथ निरंतर राष्ट्रसेवा में तत्पर है। संघ के स्थापना काल से लेकर अब तक की यात्रा अनेक उतार-चढ़ावों से भरी रही है, परंतु उन सभी परिस्थितियों में संघ ने अपने सिद्धांत, अनुशासन और राष्ट्रभावना को सर्वोपरि रखते हुए सतत प्रगति का मार्ग अपनाया है। आज संघ के स्वयंसेवकों के कठोर परिश्रम, साधना और तप का ही परिणाम है कि शताब्दी वर्ष का यह उत्सव पूरे समाज का उत्सव बन गया है। वहीं जिला कार्यवाह संजीव कुमार ने संघ स्थापना की पृष्ठभूमि से वर्तमान तक की यात्रा पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए पंच परिवर्तन (स्वबोध, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता तथा परिवार प्रबोधन) जैसे विषय पर विस्तार से अपना विषय रखा। उन्होंने कहा कि 1925 में डॉ. हेडगेवार जी द्वारा रखी गई संघ की नींव आज देश के प्रत्येक कोने तक फैल चुकी है। व्यक्ति से समाज तथा समाज से राष्ट्र बनता है इसलिए संघ का उद्देश्य केवल संगठन निर्माण नहीं, बल्कि व्यक्ति निर्माण है, जो राष्ट्र को परम वैभव के शिखर पर ले जा सकें।

# बिहार विधानसभा चुनाव : भाजपा ने अपनी पहली सूची में 09 विधायकों के काटे टिकट

**पटना,** (हि.स.)।

**01;** पटना साहिब से 30 साल से विधायक नंदकिशोर यादव का टिकट कटकर रत्नेश कुशवाहा को दिया गया।

**02;** आरा, राजनगर, औराई और कटोरिया जैसी सुरक्षित सीटों पर वरिष्ठ नेताओं की जगह नए उम्मीदवार उतारे गए।

**03;** भाजपा ने रीगा, मुंगेर, सीतामढ़ी और कुम्हरार में नई उम्मीदवारियां घोषित की।




बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को अपनी पहली उम्मीदवार सूची जारी की। इस सूची में 71 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। पहली सूची में पार्टी ने नौ मौजूदा विधायकों का टिकट काटा है। इनमें पांच पूर्व और वर्तमान मंत्री भी शामिल हैं।

**बदलाव के साथ नई उम्मीदें**
भाजपा ने रीगा से मोतीलाल प्रसाद की जगह बैद्यनाथ प्रसाद को और मुंगेर से प्रणव कुमार की जगह कुमार प्रणय को उम्मीदवार बनाया है। सीतामढ़ी से मिथिलेश कुमार के स्थान पर सुनील पिंटू को और कटोरिया सुरक्षित सीट से निक्की हेंब्रम की जगह पूरनलाल टुडू को उम्मीदवार बनाया गया है। कुम्हरार सीट से 20 साल से विधायक अरुण सिन्हा के स्थान पर युवा उम्मीदवार संजय गुप्ता को उतारा गया है।

**वरिष्ठ नेताओं के टिकट कटने से उठा हलचल :**
सूची में विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पूर्व मंत्री रामप्रीत पासवान, अमरेंद्र सिंह और रामसूरत राय जैसे वरिष्ठ नेताओं का टिकट काटा गया है। पटना साहिब से नंदकिशोर यादव का टिकट काटकर रत्नेश कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया गया है। आरा से अमरेंद्र सिंह के स्थान पर संजय टाइगर को उतारा गया है। राजनगर सुरक्षित सीट से रामप्रीत पासवान की जगह सुजीत पासवान को और औराई से रामसूरत राय की जगह रमा निषाद को उम्मीदवार बनाया गया है।

**वरिष्ठ नेताओं का भावनात्मक रवैया** : टिकट कटने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि वह पार्टी के निर्णय के साथ हैं। उन्होंने नई पीढ़ी का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें पार्टी से कोई शिकायत नहीं है और पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने उन्हें लगातार सात बार विजयी बनाया। नंदकिशोर यादव ने पार्टी और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पटाखा निर्माण के दौरान विस्फो ट, दो घायल, एसएसपी ने किया निरीक्षण, जांच के निर्देश

**पटना,** (हि.स.)। सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र में पटाखा निर्माण के दौरान विस्फोट की घटना हुई। सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच के निर्देश दिए हैं।



मढ़ौरा थाना को सूचना प्राप्त हुई कि मढ़ौरा थानांतर्गत उलहेनपुर ग्राम में पटाखा निर्माण के क्रम में सिगरेट पीने के कारण एक विस्फोट (ब्लास्ट) की घटना घटित हुई, जिसमें दो व्यक्ति घायल हो गए।

सूचना प्राप्त होते ही वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), अनुमंडल पदाधिकारी (SDO) मढ़ौरा तथा एसडीपीओ मढ़ौरा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान भारी मात्रा में पटाखा, पटाखा निर्माण की सामग्री, ज्वलनशील पदार्थ तथा चारकोल की बरामदगी हुई है। घटनास्थल की वैज्ञानिक जांच एफ.एस.एल. टीम द्वारा की गई है।

निरीक्षण के क्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना से जुड़ी सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच करने एवं दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। इस संबंध में मढ़ौरा थाना पुलिस टीम द्वारा 02 व्यक्तियों को घटना के संबंध में आवश्यक पूछताछ हेतु पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# निर्वाचन कार्य की गुणवत्ता पर जोर : पूर्णिया डीएम अंशुल कुमार ने एजेंसियों व कोषांगों के साथ की समीक्षा बैठक

## समीक्षा बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी ने निर्वाचन सामग्री की समय पर आपूर्ति व पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में प्रज्ञान सभागार, पूर्णिया में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन कार्य से जुड़ी आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता, गुणवत्ता और समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

बैठक में चयनित एजेंसियों और फर्मों के प्रोपराइटर तथा जिलास्तर पर गठित सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्य की गंभीरता पर बल देते हुए कहा कि सभी एजेंसियां निविदा की शर्तों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सामग्री निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराएं।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया की रीढ़ है, अतः किसी भी प्रकार की लापरवाही या निम्न गुणवत्ता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**नोडल पदाधिकारियों को समन्वय का निर्देश**

डीएम ने जिलास्तरीय कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्वाचन कार्य हेतु आवश्यक सामग्रियों की अधियाचना जिला निर्वाचन पदाधिकारी से अनुमोदन के बाद चयनित एजेंसियों से समन्वय स्थापित करें। साथ ही, सामग्री की उपलब्धता की सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय को समय पर दें।



**जिला निर्वाचन सह जिला पदाधिकारी के सख्त निर्देश : 'समय और गुणवत्ता मे लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्य की गंभीरता पर बल देते हुए कहा कि सभी एजेंसियां निविदा की शर्तों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सामग्री निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराएं।उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया की रीढ़ है, अतः किसी भी प्रकार की लापरवाही या निम्न गुणवत्ता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**निर्वाचन एजेंसियों के लिए प्रमुख निर्देश**

1-आदेश में अंकित तिथि तक सामग्री नहीं पहुंचाने पर दंड अधिरोपित किया जाएगा।

2-गुणवत्ताहीन सामग्री पर भुगतान में अनुपातिक कटौती की जाएगी।

3-कार्य समाप्ति के 30 दिनों के भीतर विपत्र (बिल) जमा करना अनिवार्य होगा।

4-सत्यापन प्रमाण-पत्र केवल राजपत्रित या नोडल अधिकारी के स्तर से मान्य होगा।

5-समयसीमा से विलंब होने पर प्रति दिन 1000 की कटौती की जाएगी।

6-भुगतान केवल गुणवत्ता जाँच और सत्यापन के बाद ही किया जाएगा।

7-वीडियोग्राफी का डाटा Date & Time Stamp सहित CD या Pen Drive में प्रतिदिन उपलब्ध कराना होगा।

**बैठक में प्रमुख उपस्थितियां**

बैठक में पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया, सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी तथा चयनित एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**मुख्य एजेंसियों में** — मे० आदित्य टेंट हाउस (पटना), मे० राजू केटरर्स (पटना), मे० एम.के.एस. इंटरप्राइजेज (पटना), मे० विजयश्री प्रेस (सहरसा), मे० एक्टिव मीडिया ग्रुप (पटना), मे० मॉडर्न प्रिंटिंग प्रेस (पूर्णिया), मे० एस.एम. एडवरटाइजर (पूर्णिया), मे० श्री बालाजी फोटो एंड वीडियो (पूर्णिया) तथा मे० गोरूरल फूड एंड बेवरेज प्रा. लि. (मधुबनी) शामिल थीं।

**मुख्य उद्देश्य**

बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित सभी तैयारियों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूर्ण करना था, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

# पूर्णिया में सातों विधानसभा के द्वितीय चरण चुनाव की तैयारियां तेज, डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के द्वितीय चरण में पूर्णिया जिला की सातों विधानसभा सीटों पर चुनाव संपन्न कराने की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। चुनाव आयोग द्वारा 13 अक्टूबर 2025 को अधिसूचना जारी कर दी गई है। उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2025, मतदान की तिथि 11 नवंबर 2025 तथा मतगणना की तिथि 14 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है।



इस क्रम में मंगलवार को अंशुल कुमार जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी ने जिला नियंत्रण कक्ष, ईवीएम कोषांग, मीडिया कोषांग और एमसीएमसी कोषांग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों से निर्वाचन कार्यों की अद्यतन प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई।

**डीएम का अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश**

डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कोषांगों के दायित्व चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित एसओपी के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य का सही रिकॉर्ड और समय पर निष्पादन सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

**कोई लापरवाही न हो,किया निर्देशित**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने देने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी कोषांगों में तैयारी, निगरानी और समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे पूर्णिया जिले में चुनावी व्यवस्थाएं पूरी तरह से व्यवस्थित रहें।

# पूर्णिया सदर से विजय खेमका को तीसरी बार भाजपा का टिकट, कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

भाजपा द्वारा पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार टिकट मिलने पर विधायक विजय खेमका ने पार्टी के केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के साथ साथ कार्यकर्ताओं के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए गौरव और जिम्मेदारी दोनों का प्रतीक है। विजय खेमका ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व और सभी कार्यकर्ताओं ने उन पर भरोसा जताया है, इसके लिए हृदय से आभारी हैं। विजय खेमका ने अपने संबोधन में कहा कि उनका पूर्णिया के विकास के प्रति संकल्प पहले से भी अधिक दृढ़ है। उन्होंने यह भरोसा दिलाया कि एनडीए गठबंधन के सहयोग और जनता के आशीर्वाद से पूर्णिया के विकास के संकल्प को साकार किया जाएगा और विकसित पूर्णिया का निर्माण सुनिश्चित होगा।



भाजपा द्वारा टिकट की घोषणा के बाद विधायक जनसम्पर्क कार्यालय में कार्यकर्ताओं, समर्थकों का पहुचना जारी रहा ,कई कार्यकर्ताओं ने बधाई देने के लिए कार्यालय का रुख किया। क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में समर्थकों ने आतिशबाजी की और मिठाई वितरण की ।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का उत्साह स्पष्ट रूप से देखा गया, लेकिन आचार संहिता के नियमों का पूर्ण पालन करते हुए जश्न मनाया गया। कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम और क्षेत्रीय गतिविधियों में सभी ने संयम और शिष्टाचार बनाए रखा।

# राजकीय पॉलिटेक्निक पूर्णिया में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

राजकीय पॉलिटेक्निक, पूर्णिया में हाल ही में एक महत्वपूर्ण मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता से अवगत कराना और उन्हें मानसिक कल्याण हेतु उपयोगी सुझाव प्रदान करना था।

कार्यक्रम में सदर अस्पताल, पूर्णिया के अनुभवी मनोचिकित्सकों ने छात्रों के साथ संवाद किया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सामान्य समस्या-लक्षणों की पहचान, तनाव प्रबंधन, आत्म-देखभाल, सकारात्मक सोच, और आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा सहायता लेने के उपाय स्पष्ट किए।




**संस्थान के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने कहा,**:जब हम शारीरिक स्वास्थ्य की देखभाल करते हैं, तो उसी तरह मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना अति आवश्यक है। एक संतुलित मानसिक स्थिति ही छात्रों को शिक्षा और जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिला सकती है। आज का यह सत्र हमें यह याद दिलाता है कि भावनाएँ और मानसिक स्थिति किसी परीक्षा या परियोजना जितनी ही महत्वपूर्ण होती हैं। हम हर विद्यार्थी को यह भरोसा देना चाहते हैं कि यदि उन्हें मानसिक संघर्ष हो, तो वे खुलकर बात कर सकते हैं — हम उनका साथ देंगे।"

प्रो. अमन कुमार राजन ने सभी अतिथियों और छात्रों का स्वागत किया, वहीं प्रो. अब्दुर रज़ीक ने उपस्थित छात्रों का हौसला बढ़ाया।

छात्र सुदर्शन कुमार और जया कुमारी ने कहा कि यह सत्र उनके लिए अत्यंत लाभप्रद रहा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम ने उन्हें मानसिक तनाव और चुनौतियों से निपटने के व्यावहारिक उपाय सिखाए हैं और भविष्य में भी वे ऐसे कार्यक्रमों की मांग करेंगे।

कार्यक्रम के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि शारीरिक स्वास्थ्य जितना महत्वपूर्ण है, मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही अनिवार्य है। इस तरह की जागरूकता और समर्थन छात्रों को स्वस्थ, समर्थ और सकारात्मक जीवन जीने में सहायक सिद्ध होती है।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर आरटीआई कमजोर करने का आरोप लगाया

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिजेन्द्र यादव ने आज केंद्र सरकार पर आरटीआई (सूचना का अधिकार) को कमजोर करने और समाप्त करने की गंभीर साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार पारदर्शिता को खत्म करने और जनता की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास कर रही है।बिजेन्द्र यादव ने बताया कि आरटीआई कानून लागू होने के बाद जनता को अपनी सरकार से जवाब मांगने का अधिकार मिला, जिससे लोकतंत्र और पारदर्शिता मजबूत हुई। लेकिन सरकार आयोगों की नियुक्ति में देरी, अधिकारों में कटौती और संसाधनों की कमी के माध्यम से आरटीआई को कमजोर कर रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों से केंद्रीय सूचना आयोग में नियुक्तियों की कमी के कारण मामलों का निपटारा धीमा हो गया है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में सूचना आयुक्तों के कार्यकाल और वेतन पर नियंत्रण कर स्वतंत्र निगरानी संस्थाओं को कमजोर किया गया। डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण कानून ने आरटीआई के जनहित खंड को प्रभावित किया। केंद्रीय सूचना आयोग बिना मुख्य सूचना आयुक्त के काम कर रहा है, और पिछले ग्यारह साल में यह पद सातवीं बार खाली है।



बिजेन्द्र यादव ने यह भी कहा कि आरटीआई के कारण ही कई घोटाले उजागर हुए और जनता को अपनी बात रखने का अधिकार मिला। उन्होंने सरकार से जनता के अधिकारों की रक्षा की अपील की और चेताया कि कांग्रेस पार्टी आरटीआई को कमजोर करने की किसी भी कोशिश का विरोध करेगी और इसके लिए लगातार संघर्ष करेगी।

## पूर्णिया मे शॉर्ट-सर्किट की चिंगारी से घर में लगी आग

शहर के फणीश्वर नाथ रेणु टीओपी स्थित राजनगर एनसीसी ग्राउंड के पास मंगलवार को शॉर्ट-सर्किट के कारण लगी भीषण आग ने दिलीप मलिक के घर को पूरी तरह से जला कर राख कर दिया। इस अगलगी में लगभग 5 लाख रुपए की आवश्यक वस्तुएं नष्ट हो गईं।घटना के समय घर की मुखिया ममता कुमारी निजी अस्पताल में सफाई का काम करके लौट रही थीं। उन्होंने बताया कि पड़ोसी का फोन आया, लेकिन जब तक वह घर पहुंचीं, आग की लपटें आसमान छू रही थीं। ममता ने रोते हुए कहा, "हमने जो कुछ भी पाई-पाई जोड़कर खरीदा था—फ्रिज, टीवी, बच्चों की पढ़ाई के कागजात और जेवरात सब धुआं हो गया। यह आग केवल सामान ही नहीं, बल्कि हमारी आजीविका और भविष्य की उम्मीदों को भी जला गई।" घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटों की तीव्रता के आगे वे असहाय थे। तुरंत फायर ब्रिगेड और फणीश्वर नाथ रेणु टीओपी पुलिस मौके पर पहुंची। अग्निशमन विभाग के अधिकारी अबुल बरकत ने बताया कि उनकी टीम, जिसमें विजय रजक, फूलचंद, जसीम खान, सफी उल्लाह और सुमित शामिल थे, 15 मिनट में घटनास्थल पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। हालांकि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंची, लेकिन आग की तीव्रता के कारण घर का सारा सामान जलकर राख हो गया।

# मानव सेवा का मिसाल : स्वर्गीय त्रिलोक चंद संचेती का नेत्रदान, छह नेत्रहीनों को दृष्टि मिली

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

गुलाबबाग, बागेश्वरी रोड निवासी त्रिलोक चंद जी संचेती (78 वर्ष) का मंगलवार शाम 4 बजे निधन हो गया। इस दुख की घड़ी में भी परिजन मानव सेवा और समाज कल्याण के मार्ग पर अग्रसर रहे। लायंस क्लब पूर्णिया के सचिव लायन रुपेश डूंगवाल ने परिजनों से मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित की और नेत्रदान के लिए प्रेरित किया।

मृतक के परिवार जनों ने इस पुनीत कार्य में पूरी सहमति जताई। दिवंगत की धर्मपत्नी श्रीमती गिन्नी देवी संचेती, पुत्र अनिल, सुनील, विनीत संचेती, पुत्रवधू सुमन, कल्पना, खुशबू संचेती, और पोते-पोतियां प्रवीण, पल्लवी, अभिषेक, काश्वी की अनुमति से लायंस क्लब ऑफ पूर्णिया और दधीचि देहदान समिति के सदस्यों की उपस्थिति में आज संध्या 8 बजे कटिहार मेडिकल कॉलेज में नेत्रदान का कार्य संपन्न हुआ।



डॉ अतुल, डॉ मासूम, और डॉ अभिनव के नेतृत्व में नेत्रदान किया गया। इस नेक कार्य से छह दृष्टिहीन लोगों को जीवन में दृष्टि प्राप्त करने का वरदान मिला।कार्यक्रम में लायंस क्लब के अन्य सदस्यों लायन रूपेश डूंगरवाल, लायन पीयूष केडिया, श्री संजय केडिया, श्री सुरेंद्र गिरिया, प्रेम जी बाँठीया, धीरज जी दुग्गर, यश संचेती सहित अनेक सामाजिक गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य संदेश स्पष्ट था — "मानव सेवा सर्वोपरि, प्रेम और सेवा से समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है।"

पूर्णिया समाज ने इस पुण्यात्मा को शत-शत नमन किया, जिन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षणों में भी मानवता और सेवा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

# पूर्णिया में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान जारी — मतदान के महत्व पर जोर

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) के निर्देश के आलोक में और स्वीप कोषांग तथा जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, पूर्णिया के मार्गदर्शन में जिले के सभी प्रखंडों और विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

विशेष रूप से पिछले चुनाव में कम मतदान वाले केंद्रों पर गतिविधियों को प्राथमिकता दी गई। इस दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, आंगनवाड़ी सेविकाएं, जीविका दीदी, आशा और महिला पर्यवेक्षिकाएं सक्रिय रूप से शामिल रहीं। उन्होंने 11 नवंबर 2025 को अपने संबंधित मतदान केंद्र पर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया और मतदान की महत्ता समझाई।



**मुख्य गतिविधियां :**

सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी पाठशाला और मतदाता जागरूकता बैठक आयोजित की गई।

वरिष्ठ मतदाताओं को उनके एक वोट की अहमियत के बारे में जानकारी दी गई।

उनके परिवार के सदस्यों को प्रेरित किया गया कि वे सुनिश्चित करें कि अपने परिवार के वरिष्ठ मतदाता मतदान केंद्र तक अवश्य पहुँचें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

जीविका और स्वास्थ्य विभाग ने भी स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संदेश दिया गया कि "लोकतंत्र है तभी महान, सब करें जहाँ मतदान।"

**उद्देश्य और परिणाम :**

स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता जागरूकता बढ़ाना, मतदान प्रतिशत सुधारना और चुनावी प्रक्रिया में अधिक सहभागिता सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से न केवल मतदाताओं में चुनाव में भाग लेने की प्रेरणा बढ़ी, बल्कि उनके परिवार और समाज में भी मतदान की महत्ता को समझाने का प्रयास सफल रहा।

# पूर्णिया में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के सफल संचालन हेतु सेक्टर पदाधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के सफल और पारदर्शी संचालन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) तथा पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत (भा.पु.से.) के नेतृत्व में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी, पूर्णिया में किया गया। इस प्रशिक्षण में जिला के सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए।

**प्रशिक्षण का उद्देश्य और प्रमुख गतिविधियां**

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य था कि चुनाव के दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर व्यवस्थित, निर्बाध और पारदर्शी संचालन सुनिश्चित किया जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान 13 प्रमुख बिंदुओं पर विशेष जोर दिया, जिनमें शामिल थे:

- **बूथ लेखन और बूथ प्लान तैयार करना**
- **बेबकास्टिंग कैमरा का स्थान चिन्हित करना**
- **भेदता मानचित्र एवं रूट चार्ट की समीक्षा**
- **बूथ का कम्युनिकेशन प्लान तैयार करना**
- **एब्सेंटी मतदाता के लिए होम वोटिंग की तैयारी**
- **SST चेक प्वाइंट का स्थल चिन्हित करना**
- **सभी मतदान केंद्रों पर A.M.F की स्थिति**
- **मॉडल, पिंक, यूथ और PWD बूथ की तैयारी**
- **LOW VTR वाले बूथ पर SVEEP गतिविधियों की निगरानी**
- **100+ उम्र के मतदाताओं का शत-प्रतिशत सत्यापन**
- **ई-पिक और वोटर इन्फॉर्मेशन स्लीप का वितरण**
- **ELE-Traces एवं अन्य संबंधित तकनीकी गतिविधियों की समीक्षा**
- **गहन पूछताछ और जानकारी का आदान-प्रदान**







**काम का सटीक और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का दिया मार्गदर्शन**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों से एक-एक कर फार्म 17C, 17K, CU, BU, VVPAT, मौक पोल की प्रक्रिया, मौक पोल प्रमाणपत्र, प्रत्येक दो घंटे में मत प्रतिशत रिपोर्ट, पीठासीन पदाधिकारी और मतदान पदाधिकारी के कार्यों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पदाधिकारियों को प्रत्येक चरण के काम का सटीक और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शन दिया।

**प्रशिक्षण में शामिल अधिकारी और योगदान**

प्रशिक्षण कोषांग के वरिष्ठ पदाधिकारी, सह-उप विकास आयुक्त श्री अंजनि कुमार, नोडल पदाधिकारी श्री अमरेन्द्र कुमार, सहायक पदाधिकारी डॉ. जय शंकर प्रसाद, कौशल कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी और सहायक स्टाफ उपस्थित थे। उन्होंने प्रशिक्षण में भाग लेकर चुनाव संचालन की सूक्ष्म प्रक्रियाओं और तकनीकी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

**मुख्य संदेश और निष्कर्ष**

**पुलिस सहयोग और मतदान सुरक्षा**

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत ने कहा कि सभी पदाधिकारी और पुलिस मतदान केंद्रों पर साथ-साथ भ्रमण करेंगे। किसी भी प्रकार का व्यवधान या अनियमितता न हो, इसके लिए समय पर सूचना उपलब्ध कराई जाएगी।

इस प्रशिक्षण एवं कार्यशाला के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 में प्रत्येक मतदान केंद्र पर संपूर्ण तैयारी, जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपन्न हो। प्रशिक्षण ने सभी पदाधिकारियों को उनके कार्यक्षेत्र, जिम्मेदारी और तकनीकी प्रक्रियाओं के प्रति सजग और सुसज्जित बनाया।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : पूर्णिया में व्यय प्रेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश 50,000 या उससे अधिक की नगदी राशि के परिवहन की वैधता की जांच अनिवार्य

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत महानंदा सभागार में आयोजित एक दिवसीय व्यय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) और पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में FST, SST, VST, VVT, Accounting Team और व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन कार्य में पूर्ण कर्तव्यपालन करने के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि किसी भी लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**व्यय प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी**

व्यय प्रेक्षक श्री तगाडे नितिन मधुकरराव ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन व्यय से जुड़े नियमों और प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक उम्मीदवार के लिए अधिकतम व्यय सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इसके साथ ही ₹50,000 या उससे अधिक की नगदी राशि के परिवहन की वैधता की जांच अनिवार्य है।

**जांच में नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता जरूरी**

व्यय प्रेक्षक श्री एस वेंकटेश ने प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी जांच या निरीक्षण के दौरान नागरिकों के साथ अनुचित व्यवहार नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में ऐसा व्यवहार न किया जाए जिससे निर्वाचन प्रक्रिया पर आपत्ति उठ सके

**उद्देश्य – पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव**

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी संबंधित अधिकारियों और टीम सदस्यों को निर्वाचन व्यय की निगरानी, रिकॉर्डिंग और नियमों के पालन के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण से यह सुनिश्चित किया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी व्यय गतिविधियों की सही निगरानी होगी और कोई अनियमितता नहीं होगी।

# धनतेरस-दीपावली : तनिष्क स्टोर में सोना-हीरे की खरीदारी का उत्साह चरम पर

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

शहर में धनतेरस और दीपावली के त्योहार को लेकर खरीदारी का माहौल चरम पर है। लाइन बाजार मेन रोड स्थित तनिष्क स्टोर में ग्राहकों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। त्योहारों की धूम के बीच स्टोर ने सोना और हीरा प्रेमियों के लिए आकर्षक ऑफर की श्रृंखला शुरू की है, जिसने शहरवासियों को विशेष खरीदारी के लिए आकर्षित किया है।





**पुराने गहनों पर 100 प्रतिशत एक्सचेंज मूल्य की सुविधा**

स्टोर प्रबंधक अनुज चौधरी ने बताया कि इस अवधि में ग्राहकों को पुराने गहनों पर 100 प्रतिशत एक्सचेंज मूल्य की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा सोने की खरीद पर प्रति ग्राम 450 रुपये तक की बचत का ऑफर भी जारी है। इसका अर्थ है कि यदि कोई ग्राहक एक किलो सोना खरीदता है, तो उसे 4.5 लाख रुपये तक का सीधा लाभ मिलेगा। यह ऑफर सोने के प्रेमियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद साबित हो रहा है।

**हीरे के आभूषणों पर भी स्टोर ने आकर्षक छूट का ऑफर** : हीरे के आभूषणों पर भी स्टोर ने आकर्षक छूट का ऑफर रखा है। अनुज चौधरी ने बताया कि हीरे के गहनों पर 35 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है, जिसके चलते यह स्टोर त्योहारों के मौसम में शहरवासियों के लिए वैल्यू और वैरायटी का केंद्र बन गया है। स्टोर में पहुंच रही महिलाएं न केवल ऑफर का लाभ उठा रही हैं, बल्कि अपने पसंदीदा डिजाइन के आभूषणों की खरीदारी में भी व्यस्त हैं।

**ऑफर सीमित समय के लिए है,**

प्रबंधक ने यह भी बताया कि यह ऑफर सीमित समय के लिए है, इसलिए ग्राहक इसे जल्दी से जल्दी भुनाने के लिए स्टोर की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि तनिष्क अपने ग्राहकों को आस्था और संतोष की डबल गारंटी देता है।

त्योहारों के इस मौके पर तनिष्क स्टोर हर खरीदारी को खास और सुनहरी बनाने में सफल हो रहा है। सोने और हीरे के प्रेमियों के लिए यह अवसर एक सुनहरा अवसर साबित हो रहा है, जो उन्हें आकर्षक बचत और मनपसंद डिज़ाइन दोनों का लाभ दे रहा है।

## वासुदेवपुर बड़हरा कोठी में सप्तशक्ति संगम

# नारी शक्ति जागरण और भारतीय संस्कृति संरक्षण पर दिया जोर



**न्यूज स्केल बड़हरा कोठी**

विद्या भारती की इकाई मां दुर्गा सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को भव्य सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति जागरण और भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के संरक्षण को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से प्रांत स्तरीय सह संयोजिका सरोज कुमारी, जिला सह संयोजिका माधवी कुमारी, प्रधानाचार्य मेनका जी, कार्यक्रम अध्यक्ष सरिता देवी और समाजसेविका खुशबू कुमारी ने किया।

**मुख्य वक्तव्य और संदेश**

मुख्य वक्ता माधवी कुमारी ने नारी शक्ति जागरण पर प्रकाश डाला और बताया कि विद्या भारती के विद्यालयों में यह अभियान मातृशक्ति सशक्तिकरण हेतु चलाया जा रहा है। प्रांत सह संयोजिका सरोज कुमारी ने श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए नारी में सात शक्तियों—श्री, वाक्य, कृति, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा—के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने माताओं से बच्चों को तुलसी पूजन, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता से जोड़ने और मोबाइल के दुरुपयोग से दूर रखने की अपील की।

**प्रतियोगिताएँ और सांस्कृतिक प्रस्तुति**

कार्यक्रम में इतिहास की अमर नारियों जैसे महारानी लक्ष्मीबाई और सावित्रीबाई फुले पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका संचालन शताक्षी प्रीतम ने किया। संस्कृत वंदना प्रियंवदा कुमारी ने प्रस्तुत की और आभार प्रदर्शन बबीता कुमारी ने किया।

**उपस्थित गणमान्यजन और मातृशक्ति की भागीदारी**

लगभग 300 मातृशक्ति ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्णिया विभाग के निरीक्षक गणेश प्रसाद मौर्य, कोसी विभाग निरीक्षक कृष्ण कुमार प्रसाद, पूर्णिया विभाग संयोजक वीरेंद्र मेहता, संकुल संयोजक विंदेश्वरी महतो, प्रबंधकारिणी अध्यक्ष अवधेश जायसवाल, उपाध्यक्ष अरुण कुमार झा, प्रधानाचार्य संजय कुमार झा, प्रभारी प्रधानाचार्य कमलेश कुमार, आचार्यगण और अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# इतिहास और आध्यात्म से जुड़े हैं दीपावली के संबंध, अंधकार पर प्रकाश की जीत का पर्व है दीपोत्सव

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

सनातन धर्म का प्राचीन पर्व दीपावली अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है. वही इस पर्व के कई आध्यात्मिक व ऐतिहासिक संबंध भी हैं. दीपावली समूचे भारत में हिंदुओं के अलावा सिख, बौद्ध व जैन धर्म के लोग भी मनाते हैं. जैन धर्म के लोग इस मौके को भगवान महावीर के मोक्ष दिवस के तौर पर मनाते हैं. वही सिख धर्म में दीपावली को बंदी छोड़ दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है. जबकि हिंदुओं की धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दीपावली के दिन ही भगवान राम 11 वर्षों के वनवास के उपरांत वापस अयोध्या लौटे थे. कार्तिक मास की सघन काली अमावस्या की रात को भगवान वापस लौटे थे, तब उनके स्वागत में पूरे नगर में घी के दीये जलाये गयेथे.

**दीपावली मतलब : दीपों की श्रृंखला**

दीपावली शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के दो शब्दों से हुई है. जिसमें दीप अर्थात दिया और आवली अर्थात कतार या श्रृंखला होता है. हालांकि दीपावली को देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नाम से जाना जाता है. यह पर्व न केवल भारत, बल्कि नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार, मॉरीशस, गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, सूरीनाम, मलेशिया, सिंगापुर, फिजी व पाकिस्तान सहित ऑस्ट्रेलिया के बाहरी सीमा पर अवस्थित क्रिसमस द्वीप में भी मनाया जाता है. यहां तक कि इन स्थानों पर दीपावली के दिन सरकारी स्तर पर अवकाश भी घोषित रहता है.



**घी से सरसो तेल, फिर केरोसिन ,मोमबत्ती और अब ,इलेक्ट्रॉनिक बल्ब ने ले ली जगह** : हिंदुओं मान्यताओं के अनुसार दीपावली स्वच्छता और समृद्धि का भी प्रतीक है. क्योंकि भगवान राम के वापस लौटने के बाद ही अयोध्या नगरी में भी वापस रौनकता और समृद्धि लौटी थी. यही कारण है कि मौके पर लोग घरों को आकर्षक तरीके से सजाते हैं और गांव-शहर हो या गली-मुहल्ला, हर इलाके को रोशन किया जाता है. दीगर बात है कि दीया जलाने की जो परंपरा घी के दीये से आरंभ हुई थी. उस पर पहले सरसो तेल और फिर केरोसिन तेल ने अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया. वैज्ञानिक तर्क को भी मानें तो घी के दीये पर्यावरण के लिए काफी बेहतर थे. लेकिन केरोसिन तेल के दीये पर्यावरण को केवल नुकसान पहुंचाते हैं. हालांकि सरसो तेल के दिये का भी पर्यावरण पर कोई विशेष दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है. इसके अलावा अत्याधुनिक बिजली उपकरणों का चलन भी तेजी से बढ़ा है. जिसके कारण परंपरागत दीपावली कहीं गुम होती नजर आ रही है.

**ऐसे करें लक्ष्मी-गणेश का आह्वान, फिर विशेष पूजा** : दीपावली के मौके पर लक्ष्मी-गणेश पूजन का खास महत्व है. लिहाजा गणेश जी की पूजा के लिए सर्वप्रथम उनकी मूर्ति स्थापित करें तथा एक सुपारी लेकर अच्छे से साफ कर लें. इसके बाद सुपारी को मौली में बांध लें तथा इसे चांदी, तांबा या अन्य किसी धातु से बने बर्तन पर रख दें. इसके बाद गंधाक्षत अर्पण करें



और 'ऊं भूर्भुवः स्वः श्री गणपतये, इहागच्छा, इहा तिस्ठ, मम पूजम गृहा' मंत्र का उच्चारण करें और गणेश जी पर अक्षोरत अर्पण करते हुए उनका ध्यान करें. गणेश जी का ध्यान करते समय आपके हाथ आह्वान मुद्रा में रहने चाहिए. आह्वान मुद्रा में फिर से उक्त मंत्र का जाप करें और गणेश जी के आगमन का स्वागत करें. इसके उपरांत लक्ष्मी पूजन के लिए सबसे पहले लक्ष्मी जी का ध्यान करें और उनका आह्वान करें. इसके लिए 'आगच्छा देव -देवेशी ! तेजोमयी महालक्ष्मी, क्रियामणम माया पूजाम, गृहाम सुर वंदिते !' मंत्र का उच्चारण करें. लक्ष्मी जी के आह्वान के बाद उन्हें दोनों हाथों की गदेलियां जोड़ कर पुष्प समर्पित करें. फिर लक्ष्मी-गणेश पर मिठाई समर्पित करें. इसके बाद लक्ष्मी जी के आगमन का ध्यान करते हुए 'श्री लक्ष्मी देवी दें. स्वागतम' मंत्र का उच्चारण कर लक्ष्मी जी का स्वागत करें. इसके बाद प्रसाद के तौर पर चढ़ाई गई मिठाई को परिवार में बांट इस साल दिवाली की खुशियां मनायें ।

**लक्ष्मी-गणेश के अलावा यम की भी होती है पूजा :**

दीपावली के मौके पर भगवान राम के अलावा मूल रूप से लक्ष्मी-गणेश की पूजा होती है. मान्यता है कि दीपावली के दिन लक्ष्मी-गणेश की पूजा से घर में आर्थिक समृद्धि आती है. कहते हैं कि दीपावली के दिन ही माता लक्ष्मी ने भगवान विष्णु को पति के रूप में चुना और उनसे शादी की. वही विघ्नहर्ता के रूप में भगवान गणेश की पूजा भी माता लक्ष्मी के साथ ही होती है. मौके पर धन प्रबंधक कुबेर को भी प्रसाद अर्पित किया जाता है. इसके अलावा एक अन्य मान्यता के अनुसार भगवान यमराज अपने नये साल का लेखा-जोखा भी इसी दिन से आरंभ करते हैं. लिहाजा मौके पर कई स्थानों पर यम की पूजा भी जाती है. साथ ही दीपावली का इतिहास महाभारत से भी जुड़ा है. वही कहते हैं कि मुगल



सम्राट अकबर की भी दीपावली में गहरी आस्था थी. यही कारण है कि अपने शासनकाल में वह दौलतखाने के सामने 40 गज ऊंचे बांस पर एक बड़ा आकाशदीप दीपावली पर जलाते थे. मुगल वंश के अंतिम शासक बहादुर शाह जफर के शासन तक दीपावली पर राजकीय उत्सव आयोजित होते रहे. वही शाह आलम द्वितीय के शासन काल में संपूर्ण शाही महल को ही दीपों से सजाया जाता था. साथ ही लालकिला पर हिंदु-मुसलमान एक साथ कार्यक्रम में शामिल होते थे.

# निर्वाचन कार्य में असमर्थ पदाधिकारियों की होगी चिकित्सीय जांच जिला पदाधिकारी पूर्णिया ने गठित किया चिकित्सीय जांच दल

## बीमार एवं निःशक्त मतदान कर्मियों को राहत, तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत होगी चिकित्सीय जांच प्रक्रिया।

**न्यूज स्केल, पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के दृष्टिगत निर्वाचन कार्य हेतु प्रतिनियुक्त सभी मतदान कर्मियों की तैयारियों को सुनिश्चित करने के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा हा कि वैसे सभी पदाधिकारी एवं कर्मी जो किसी असाध्य रोग, निःशक्तता या अन्य गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं और निर्वाचन कार्य संपादन में असमर्थ हैं, उनके मामले में चिकित्सीय जांच कर राहत देने पर विचार किया जाएगा। इसके लिए एक चिकित्सीय जांच दल का गठन किया गया है, जो निर्धारित तिथि एवं स्थल पर ऐसे कर्मियों की चिकित्सीय जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। प्रतिवेदन के आधार पर ही यह तय किया जाएगा कि किन कर्मियों को निर्वाचन कार्य से विमुक्त किया जाएगा।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दी स्पष्ट हिदायत**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार ने कहा कि निर्वाचन कार्य राज्य और लोकतंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में जो कर्मी शारीरिक या चिकित्सीय कारणों से ड्यूटी नहीं कर सकते, उन्हें अपने दस्तावेज़ों सहित निर्धारित समय पर चिकित्सीय जांच दल के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच दल द्वारा प्रमाणित किए गए असाध्य रोग या निःशक्तता के मामलों में ही विमुक्ति पर विचार किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि निर्धारित तिथि के पश्चात यदि कोई कर्मी बीमारी या निःशक्तता का दावा करेगा, तो उसके मामले में किसी प्रकार की राहत नहीं दी जाएगी। इसलिए सभी संबंधित कर्मियों को समय पर उपस्थित होना अनिवार्य बताया गया है।



**निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता का समन्वय**

पूर्णिया जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह पहल निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और मानवीय दृष्टिकोण से संतुलित बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है। जिन कर्मियों को वास्तव में स्वास्थ्यगत कठिनाई है, उन्हें राहत देने के साथ-साथ शेष कर्मियों से निर्विघ्न निर्वाचन कार्य सुनिश्चित करने की अपेक्षा की गई है।

### तीन दिवसीय जांच कार्यक्रम तय

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, चिकित्सीय जांच प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न की जाएगी।

**पहला चरण**: दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक, आवेदन सूची के क्रमांक 01 से 100 तक के कर्मियों की जांच राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पूर्णिया में की जाएगी।

---

**दूसरा चरण**: दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक, आवेदन सूची के क्रमांक 101 से 200 तक के कर्मियों की जांच उसी स्थल पर होगी।

---

**तीसरा चरण**: दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक, आवेदन सूची के क्रमांक 201 से अंतिम तक के कर्मियों की जांच की जाएगी।



**जांच दल करेगा साक्ष्य और प्रमाण-पत्रों का सत्यापन**

गठित चिकित्सीय जांच दल के सदस्यों को यह निर्देश दिया गया है कि वे प्रत्येक कर्मी के चिकित्सीय साक्ष्य, अस्पताल द्वारा जारी प्रमाण-पत्र तथा संबंधित चिकित्सा अभिलेखों की गहन जांच करें। इस दौरान आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा परीक्षण भी किया जा सकता है। जांच प्रतिवेदन तैयार कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा जाएगा, जिसके आधार पर विमुक्ति का अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

**मतदान कर्मियों के लिए प्रशासन की अपील**

प्रशासन ने अपील की है कि सभी ऐसे कर्मी जिनकी तबीयत खराब है या जिन्हें गंभीर बीमारी या निःशक्तता है, वे अपने चिकित्सीय साक्ष्य और प्रमाण-पत्रों के साथ निर्धारित समय और स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। इससे उनके मामले की जांच सुगमता से की जा सकेगी और आवश्यक निर्णय शीघ्र लिया जा सकेगा।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार ने कहा कि निर्वाचन जैसे लोकतांत्रिक पर्व में प्रत्येक अधिकारी-कर्मी की भूमिका अहम है। लेकिन स्वास्थ्य और मानवता की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी अस्वस्थ कर्मी अनावश्यक रूप से दबाव में न आए और स्वस्थ कर्मियों से ही निर्वाचन कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराया जाए।

# कसबा पूर्णिया में काली पूजा व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक, सुरक्षा और नियम पालन पर जोर

**न्यूज स्केल कसबा**

कसबा पूर्णिया में काली पूजा और छठ पूजा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से सम्पन्न कराने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2, राजेश कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल पुलिस कार्यालय परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।
बैठक में मुख्य रूप से सभी काली पूजा समितियों को लाइसेंस लेना अति आवश्यक बताया गया।
साथ ही यह स्पष्ट किया गया कि दोनों कार्यक्रमों में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन अनिवार्य होगा। किसी भी नियम के उल्लंघन की स्थिति में समिति के सभी सदस्यों के खिलाफ न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी।
बैठक में यह भी चर्चा की गई कि सभी छठ धामों में प्रशासन द्वारा उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।बैठक में शामिल प्रमुख अधिकारी और गणमान्यजन थेः प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी, अंचल पदाधिकारी रीता कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार, थानाध्यक्ष ज्ञान रंजन, उप मुख्य पार्षद सुभाष कुमार, समाजसेवी अनिल कुमार साह, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष बमबम साह, वार्ड पार्षद गौरव कुमार, अर्जुन कुमार मंडल, पार्षद प्रतिनिधि लड्डू मांझी, हीरा मंडल, गणेश मंडल, बिनोद साह आदि।



# केनगर में अज्ञात अपराधियों ने ट्रैक्टर चालक पर गोलीबारी, गंभीर हालत में जीएमसीएच रेफर

**न्यूज स्केल केनगर**

सोमवार की देर रात चम्पानगर थाना क्षेत्र के कुम्हरू कामत और बाबा अघोर नाथ शिव मंदिर प्रसादपुर के बीच कचहरी बलुआ–केनगर जाने वाली मुख्य सड़क पर एक आयशर ट्रैक्टर चालक पर अज्ञात अपराधियों ने गोली चलाकर हमला किया। इस घटना मे बदमाशों द्वारा चलाई गयी गोली ट्रैक्टर चालक ने घुटने में जा लगी ,गोली लगने के बावजूद चालक ट्रैक्टर को चलाते हुए केनगर चौक तक पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी।

**पुलिस कार्रवाई और जाँच**

शुचना के उपरांत घायल ट्रैक्टर चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केनगर में भर्ती किया गया, जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर होने पर उसे जीएमसीएच पूर्णिया रेफर कर दिया। घटना की जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (TWO) और एसडीपीओ को दी गई।पुलिस ने मौके पर पहुचकर घटित घटना की जांच की और सड़क किनारे लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, लेकिन फिलहाल अपराधियों की पहचान नहीं हो सकी।

**घायल चालक का बयान और आपसी रंजिश की आशंका**

पीड़ित की पहचान सुरेश साह के 31 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार साह (कचहरी बलुआ पंचायत, वार्ड-16) के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि वह आयशर ट्रैक्टर में पटुआ लोड कर गुलाब बाग बेचने जा रहे थे, तभी मसुरिया गांव हीरो बाइक शोरूम के पास तीन अज्ञात अपराधियों ने पीछा कर चार गोलियां चलाई। इनमें से एक गोली उनके बाएं घुटने में लगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि गोली ऑपरेशन के दौरान



# लक्ष्मीपुर गिरधर पंचायत में जमीन विवाद: मारपीट में जीविका दीदी समेत कई लोग घायल

**न्यूज स्केल रुपौली**

अकबरपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गिरधर पंचायत के बहदूरा गांव में मंगलवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में एक पक्ष के जीविका दीदी (जो वर्तमान में सीएम पद पर कार्यरत हैं) भी घायल हो गईं। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, विवाद के दौरान दोनों पक्षों ने हाथापाई की, जिसमें कई महिला और पुरुष घायल हुए। घायल लोगों को रुपौली रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां घायल मनोज राम, बूचनी देवी, गुंजन कुमारी, मनखुश कुमारी का इलाज किया गया। वहीं, दूसरे पक्ष की चंदन देवी और अन्य परिवार के सदस्यों का भी प्राथमिक उपचार किया गया।पीड़ित परिवार ने बताया कि यह विवाद 19 डिसमिल जमीन को लेकर शुरू हुआ था। बात इतनी बढ़ गई कि मारपीट की नौबत आ गई और दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है और सभी पक्षों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# झाझा में होटल से चोरी के आरोपी गिरफ्तार, 35 हजार और मोबाइल बरामद

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

होटल के काउंटर से 50 हजार रूपया और एक मोबाईल चोरी हो गया है इसकी शिकायत होटल पवित्रा के मेनेजर ने थाने मे दर्ज कराई थी । मामले की जांच में पूर्णिया सहायक खजांची थाना एव झाझा पुलिस संयुक्त रूप से सक्रिय हुए। पुलिस की लगातार जांच और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश शुरू की। सोमवार को पुलिस ने चोरी के 35 हजार रूपया और मोबाइल के साथ अभियुक्त मो0 आसिफ इकबाल, पुत्र मो0 जिबराईल, निवासी रामडीह, थाना झाझा, जिला जमुई से गिरफ्तार किया है । पुलिस ने बताया कि आरोपी से शेष 15 हजार रूपए की बरामदगी के लिए कार्यवाही जारी है।



गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके अन्य अपराधों से संबंध की जांच की जा रही है।अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों को चिन्हित करने के लिए पुलिस सतर्क है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है और आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# शिवानी देवी सरस्वती विद्या मंदिर में क्षेत्रीय गणित मेला 2025 का आयोजन

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

विद्या भारती से संबद्ध शिवानी देवी सरस्वती विद्या मंदिर, गुलाबबाग, पूर्णिया में आगामी 17 और 18 अक्टूबर 2025 को क्षेत्रीय गणित मेला 2025 का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय प्रशासन ने इस दो दिवसीय कार्यक्रम के लिए आमंत्रण पत्र जारी करते हुए सभी गणमान्य अतिथियों, शिक्षकों और अभिभावकों से उपस्थित होने की अपील की है।
कार्यक्रम का उद्घाटन 17 अक्टूबर (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 10 बजे तथा समापन 18 अक्टूबर (शनिवार) को पूर्वाह्न 11 बजे निर्धारित है। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विवेकानंद सिंह उपस्थित रहेंगे। वहीं, ख्यालीराम जी (क्षेत्रीय संगठन मंत्री, उत्तर-पूर्व क्षेत्र) मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करेंगे।
कार्यक्रम में विधायक विजय खेमका, महापौर श्रीमती विभा कुमारी और प्रदेश सचिव, लोक शिक्षा समिति बिहार श्री रामलाल सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।
कार्यक्रम का संचालन लोक शिक्षा समिति बिहार के तत्वावधान में किया जाएगा।
विद्यालय प्रशासन ने बताया कि गणित मेला का उद्देश्य छात्रों में गणितीय सोच, नवाचार और समस्या-समाधान की क्षमता को प्रोत्साहित करना है।

# 10 लीटर देशी शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

**न्यूज स्केल बड़हरा कोठी**

बड़हरा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को 10 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार अभियुक्तों में सुनील उरांव, उम्र 35 वर्ष, पुत्र स्व. महावीर उरांव, निवासी सहसौल, और श्यामलाल किस्कु, उम्र 30 वर्ष, पुत्र बाबुलाल किस्कु, निवासी गहील स्थान, थाना बड़हरा शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस गिरफ्तारी से शराब की अवैध बिक्री और वितरण पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। थाना पुलिस ने क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरतने और गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करने पर जोर दिया है।




# 22 लीटर देशी शराब बरामद, अभियुक्त की तलाश जारी

**न्यूज स्केल बड़हरा कोठी**

रघुवंशनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करते हुए कुल 22 लीटर देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से शराब जब्त कर उसके स्रोत का पता लगाने का काम शुरू कर दिया है। फिलहाल किसी भी अभियुक्त को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है, लेकिन पुलिस द्वारा सक्रिय रूप से तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि शराब की तस्करी और बिक्री पर लगाम लगाने के लिए निरंतर निगरानी रखी जा रही है। जनता से अपील की गई है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें,



# अररिया में विधानसभा चुनाव 2025 : EVM और VVPAT मशीनों के सेग्रीगेशन का निरीक्षण

## जिलाधिकारी अनिल कुमार ने वेयर हाउस में मतदान मशीनों की सुरक्षा और पारदर्शिता की समीक्षा की

**न्यूज स्केल अररिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत आज अररिया जिले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अनिल कुमार ने वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य जिले में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के सेग्रीगेशन (विभाजन) की प्रक्रिया की समीक्षा करना और निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता तथा सुरक्षा सुनिश्चित करना था। जिलाधिकारी ने मशीनों के पृथक्करण की प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए मशीनों का विभाजन निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार



सुव्यवस्थित रूप से किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मशीनों के मूवमेंट का पूरा रिकॉर्ड रखा जाए और प्रवेश केवल अधिकृत कर्मियों को ही अनुमति दी जाए। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन उपकरण, प्रवेश-निकास की स्थिति और पुलिस बल की तैनाती का जायजा लिया। उनका निर्देश था कि सभी सुरक्षा मानक पूर्णतः सुनिश्चित किए जाएँ ताकि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और सुरक्षित रूप से संपन्न हो। जिलाधिकारी के साथ उप निर्वाचन पदाधिकारी अररिया, नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग और अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने मशीनों के सेग्रीगेशन, रिकॉर्डिंग और सुरक्षा प्रक्रियाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से यह भी कहा कि वे मशीनों की सुरक्षा और सही प्रबंधन के प्रति सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की तुरंत रिपोर्ट करें। यह कदम अररिया जिले में आगामी विधानसभा चुनाव के सफल और पारदर्शी संचालन की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# अररिया में निर्वाचन व्यय की निगरानी हेतु महत्वपूर्ण बैठक




**न्यूज स्केल अररिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र जिले में निर्वाचन व्यय की पारदर्शिता और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए डीआरसीसी सभागार, अररिया में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता व्यय प्रेक्षक श्री आवेश तितरमारे और श्री दिनेश जांगिड़ ने की, जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्री अनिल कुमार सहित ATs, AEOs, VVTs, FSTS, SSTs, Excise Team एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**सतर्कता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व** : बैठक के अंत में व्यय प्रेक्षकों ने टीमों से अपेक्षा जताई कि वे निर्वाचन अवधि में सतर्कता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। इस बैठक में नोडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे, ताकि जिले में आदर्श आचार संहिता और व्यय नियंत्रण की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित की जा सके।

**सतत निगरानी और रिपोर्टिंग तंत्र का सुदृढ़ीकरण** : बैठक में व्यय प्रेक्षकों ने निर्वाचन व्यय की सतत निगरानी, व्यय सीमा के पालन, अभ्यर्थियों के व्यय अभिलेखों की जांच और रिपोर्टिंग तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी टीमों को निर्देशित किया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**समन्वित कार्यवाही एवं आदर्श आचार संहिता** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यय निगरानी से संबंधित सभी कार्य समयबद्ध तरीके से संपन्न किए जाएँ, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और निर्बाध ढंग से सम्पन्न हो सके।

# भागलपुर में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

## छात्रों ने पोस्टर और नारे के माध्यम से मतदान के महत्व को उजागर किया

**न्यूज स्केल भागलपुर**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए पिरपैंती विधानसभा क्षेत्र में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। पिरपैंती प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीरपैंती में सहायक निर्वाचित पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में लगभग 1500 छात्र-छात्राओं ने रैली में भाग लिया।

**छात्रों ने निकाली रंगीन रैली**
रैली में शामिल छात्रों ने






विभिन्न नारे और पोस्टर के माध्यम से मतदान की महत्ता पर जोर दिया। छात्रों ने अपने हाथों में बैनर और झंडे लेकर चुनाव प्रक्रिया में सहभागिता और नैतिक मतदान के संदेश को व्यापक जनसमूह तक पहुँचाया। इस रैली का उद्देश्य विशेषकर युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना था।

**शिक्षक और अधिकारियों की भागीदारी** : इस अवसर पर प्रखंड स्तरीय अधिकारी और शिक्षकों ने भी रैली में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने छात्रों को मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारी के बारे में समझाया। उपस्थित अधिकारियों ने सभी को मतदान के नैतिक और कानूनी पहलुओं के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी।

**नैतिक मतदान की शपथ**
रैली के समापन पर सभी छात्र-छात्राओं और उपस्थित अधिकारियों ने नैतिक मतदान की शपथ ली। शपथ के माध्यम से उन्होंने सुनिश्चित किया कि मतदान केवल व्यक्तिगत अधिकार नहीं बल्कि लोकतंत्र की जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि प्रत्येक वोट का महत्व है और उसे सही तरीके से प्रयोग करना चाहिए।

# भागलपुर में विधानसभा चुनाव 2025 के लिए व्यय प्रेक्षक ने किया मीडिया कोषांग का निरीक्षण

**न्यूज स्केल भागलपुर**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारी के तहत भागलपुर जिले के बिहपुर, गोपालपुर, पिरपैंती, भागलपुर एवं नाथनगर विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री अजय डोके ने आज भागलपुर मीडिया सेंटर में संचालित एमसीएमसी कोषांग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मीडिया कोषांग के सह-एमसीएमसी नोडल पदाधिकारी और संयुक्त निदेशक जनसंपर्क श्री नागेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया



कि कार्यपालक सहायकों द्वारा लैपटॉप और टीवी के माध्यम से सोशल मीडिया चैनल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की सतत निगरानी की जा रही है। व्यय प्रेक्षक डोके ने मीडिया सेंटर के कर्मियों से पेड न्यूज़ की पहचान और जांच के तरीकों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए, ताकि चुनाव के दौरान सूचना का सही और निष्पक्ष प्रवाह सुनिश्चित किया जा सके। इस कदम से मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने और मीडिया माध्यम से चुनावी व्यय की निगरानी सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 – द्वितीय चरण की अधिसूचना पर प्रेस कांफ्रेंस

**न्यूज स्केल कटिहार**

13 अक्टूबर 2025 को बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के द्वितीय चरण की अधिसूचना जारी होने के बाद समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने द्वितीय चरण के लिए निर्वाचन क्षेत्रों की अधिसूचना, नामांकन प्रक्रिया, प्रचार की तिथियां और मतदान तिथि सहित सभी महत्वपूर्ण जानकारी पत्रकारों के साथ साझा की। उन्होंने बताया कि संबंधित उम्मीदवार



अब अपने नामांकन दाखिल कर सकते हैं और नामांकन निरस्तीकरण की अंतिम तिथि के पश्चात चुनाव प्रचार की निर्धारित अवधि शुरू होगी। साथ ही, मतदाताओं को मतदान में भाग लेने और अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने हेतु विभिन्न रैलियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के दौरान निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की जांच, पोलिंग बूथों की तैयारी, पुलिस एवं अन्य सुरक्षा बलों की तैनाती की जानकारी दी। उन्होंने प्रेस से अपील की कि वे आम जनता तक सही और सत्यापित जानकारी पहुँचाएं तथा चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखें। इसके अलावा, सभी प्रशासनिक अधिकारी, मतदान कर्मी और उम्मीदवार चुनाव में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। प्रेस कांफ्रेंस में स्पष्ट किया गया कि जिला प्रशासन एवं निर्वाचन अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न हो, जिससे लोकतंत्र की प्रक्रिया सुचारू और प्रभावी रूप से लागू हो।

# नगर पंचायत नरपतगंज में SVEEP कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली

**न्यूज स्केल अररिया**

नगर पंचायत नरपतगंज द्वारा दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को SVEEP (Systematic Voters' Education and Electoral Participation) कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। रैली में विभिन्न सरकारी




और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और उन्होंने नागरिकों को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रक्रिया की सरलता, और समय पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की जानकारी दी। युवाओं और महिलाओं को विशेष रूप से मतदान में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया। नगर पंचायत प्रशासन ने रैली के दौरान शैक्षिक बैनर, पोस्टर, नारे और भाषणों के माध्यम से संदेश पहुँचाया कि प्रत्येक मतदाता की भूमिका लोकतंत्र में अहम है। उपस्थित नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने आस-पास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया। इस रैली के माध्यम से नगर पंचायत नरपतगंज ने मतदाता जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने का प्रयास किया, ताकि आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में अधिकतम मतदान प्रतिशत सुनिश्चित किया जा सके।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : SST चेक पोस्ट, गलगलिया का निरीक्षण

**न्यूज स्केल किसनगंज**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और व्यय नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु प्रेक्षक महोदय (व्यय) द्वारा आज अंतरराष्ट्रीय सीमा (भारत-नेपाल) स्थित SST चेक पोस्ट, गलगलिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट पर कार्यरत कर्मचारियों की तत्परता, सामग्री और



सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। प्रेक्षक महोदय ने चुनावी व्यय निगरानी और अनियमितताओं की रोकथाम पर विशेष जोर देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें।

# विधानसभा चुनाव को लेकर जोगबनी समेत भारत-नेपाल सीमा पर फ्लैग मार्च



**अररिया**(हि.स.)। विधानसभा चुनाव को भयमुक्त और निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से जोगबनी शहर समेत भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में मंगलवार शाम को पारा मिलिट्री फोर्स के साथ जोगबनी थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।

फ्लैग मार्च जोगबनी थाना से थानाध्यक्ष राजीव कुमार आजाद के नेतृत्व में निकलकर भवानीपुर,नीरपुर, भैरयारी, जोगबनी बाजार,टिकुलिया बस्ती होते हुए भारत नेपाल मुख्य बॉर्डर तक हुई।

फ्लैग मार्च में जोगबनी थाना पुलिस के अधिकारी और बल के साथ बीएसएफ के जवान कतारबद्ध होकर चले।फ्लैग मार्च में जोगबनी थाना के सब इंस्पेक्टर विष्णुकांत,पूजा कुमारी सहित अन्य अधिकारी और बीएसएफ के जवान मौजूद रहे।

# पुलिस ने अवैध हथियार और हथियार बनाने का सामान किया बरामद

**कटिहार,** (हि.स.)। जिला के कोढ़ा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर अवैध हथियार और बड़ी मात्रा में हथियार बनाने का सामान बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि छापामारी के दौरान ग्राम रामपुर हाट से 2 देशी कट्टा और मिनी गन फैक्ट्री का कुछ अन्य आपराधिक सामग्री बरामद की गई।



बरामद सामान में दो देशी कट्टा, एक सिलेंडर, गैस लोहा कटिंग मशीन दो ब्लेड, लेंथ मशीन, वेल्डिंग मशीन, ड्रिल मशीन, लोहा का रेती, हेक्सा आरी फ्रेम, छेनी, हथौड़ी, पीतल का फ्रेम सांचा, लोहा का टुकड़ा, लकड़ी काटने वाला आरी, लोहा का फ्रेम, वेल्डिंग रड, लोहे का रड, लोहे का बना सरसी, पीतल कटींग फ्रेम सॉचा और लोहे का नाली बड़ा-छोटा शामिल है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में विधि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# जिले में विधानसभा चुनाव को स्वच्छ निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन संकल्पित

न्यूज़ स्केल सुपौल

सुपौल जिले में आगामी विधानसभा चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह संकल्पित है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सावन कुमार ने बताया कि हर स्तर पर चुनाव की तैयारियाँ तेजी से जारी हैं। विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है, जिनमें प्रतिनियुक्ति अधिकारियों और कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर से द्वितीय चरण के मतदान हेतु नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 20 अक्टूबर तक चलेगी। अभ्यर्थी अधिकतम चार सेट में नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

**नामांकन प्रक्रिया में सख्ती**

सावन कुमार ने कहा कि नामांकन के समय निर्वाचक पदाधिकारी के चैम्बर में अभ्यर्थी समेत केवल पांच लोग प्रवेश कर सकते हैं। वहीं, संवीक्षा के दिन चैम्बर में चार व्यक्ति ही प्रवेश कर पाएंगे। यह व्यवस्था चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के कोसी बांध के अंदर कुल 91 मतदान केंद्र हैं, जिनमें 36 केंद्र नदी पार के अंदर स्थित हैं।

**पुलिस कार्रवाई और बरामदगी**

पुलिस अधीक्षक शरथ आरएस ने बताया कि जिले में विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र 3543 लोगों के खिलाफ धारा 107 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। अक्टूबर माह में अब तक 2314.26 लीटर शराब और 101.51 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। इसके अलावा 239 अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी की गई है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी अनिरूद्ध प्रसाद यादव और डीपीआरओ विकास कुमार भी मौजूद रहे।




**सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी**

जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 12 और अंतरजिला सीमा पर 14 चेकपोस्ट तथा 16 SST प्वाइंट स्थापित किए गए हैं, जहाँ 24x7 घंटे गहन जांच की जा रही है। डीएम ने बताया कि 10 कंपनियों के CAPF बलों के सहयोग से नियमित फ्लैग मार्च, एरिया डोमिनेशन और चेकिंग की कार्रवाई की जा रही है। कोसी नदी में नाव के माध्यम से गश्ती की जा रही है ताकि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहे।

## भारत - नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा स्थित चेक पोस्ट का डीएम और एसपी ने लिया जायजा

न्यूज़ स्केल सुपौल





आगामी बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 को स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में डीएम सावन कुमार व पुलिस अधीक्षक शरथ आर एस ने भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित विभिन्न पुलिस चेक पोस्टों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा चेक पोस्ट पर तैनात दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्हें सीमा पार से किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, शराब, नकदी या संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। डीएम व एसपी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कहा कि चेकिंग कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने गहनता से जांच-पड़ताल करने और हर वाहन एवं व्यक्ति की विधिवत तलाशी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। विधानसभा चुनाव को देखते हुए सीमा क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है ताकि बाहरी तत्वों द्वारा चुनावी माहौल को प्रभावित न किया जा सके। उल्लेखनीय है कि सुपौल जिला नेपाल सीमा से सटा होने के कारण यहां चुनाव के दौरान विशेष सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता होती है। प्रशासन का यह कदम चुनाव को पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# दो पालियों में दी जा रही है पीठासीन पदाधिकारी को प्रशिक्षण

## निर्वाचक पहचान सुनिश्चित करने के लिए फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेज़ और चिन्हित प्रति का उपयोग अनिवार्य है।





न्यूज़ स्केल सुपौल

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत सुपौल जिले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- जिलाधिकारी सावन कुमार के निर्देश में मतदान पदाधिकारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का यह छठा दिन था, जिसमें प्रथम मतदान पदाधिकारी को सुपौल उच्च माध्यमिक विद्यालय और तृतीय मतदान पदाधिकारी को बबुजन विश्वेश्वर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया।

**निर्वाचक पहचान और सूची प्रबंधन** : नोडल मास्टर प्रशिक्षक अंजनी कुमार ने बताया कि प्रथम मतदान पदाधिकारी निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति के प्रभारी होंगे। ई-पिक अथवा ECI द्वारा निर्धारित फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेज़ के आधार पर मतदाता की पहचान सुनिश्चित की जाएगी। महिला मतदाता के क्रमांक को लाल कलम से गोल घेरना और प्रत्येक मतदाता के लिए आरी (तिरछी) रेखा खींचना अनिवार्य होगा।

**तृतीय मतदान पदाधिकारी के कर्तव्य** : नोडल मास्टर प्रशिक्षक अमित कुमार ने तृतीय मतदान पदाधिकारियों को CU (Control Unit) की जिम्मेदारी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि तृतीय मतदान पदाधिकारी मतदाता से मतदान पर्ची प्राप्त करेंगे, अमिट स्याही की जाँच करेंगे और बैलेट बटन दबाने के बाद मतदाता को मत देने के लिए मतदाता कक्ष में भेजेंगे।

**मतदान पदाधिकारियों को कार्य एवं दायित्व का प्रशिक्षण** : नोडल पदाधिकारी (प्रशिक्षण कोषांग) गयानन्द यादव ने प्रथम मतदान पदाधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों का बोध कराया। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में सभी मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जाएगी। पीठासीन पदाधिकारी ईवीएम के साथ (17C) प्रपत्र भरकर जमा करेंगे और उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं को रिसीविंग देंगे।

**ईवीएम मॉक ड्रिल और रिपोर्टिंग प्रक्रिया** : प्रशिक्षण में सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों को कम से कम 100 मत डालकर ईवीएम मॉक ड्रिल करने और इसके प्रमाणपत्र जमा करने का निर्देश दिया गया। सभी पीठासीन पदाधिकारी वीटीआर एप मोबाइल में प्रत्येक दो घंटे पर रिपोर्ट दर्ज करेंगे। मास्टर प्रशिक्षकों को निर्देश दिया गया कि सभी प्रपत्र, डायरी, घोषणाएँ और (17C) भरने का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए।

## जिला के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम का रैंडमाइजेशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ

न्यूज़ स्केल सुपौल

विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के क्रम में 14 अक्टूबर को 09:00 बजे पूर्वाह्न में जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- जिलाधिकारी, सावन कुमार की अध्यक्षता में EVM/ VVPAT वेयर हाउस को खोलकर विधान सभावार सोमवार को किये गये ई०वी०एम० रेण्डमाईजेशन के अनुरूप विधान सभावार EVMS (BU/CU/VVPAT) को पृथक कराया गया। ई०वी०एम० का पृथक्करण के समय जिला के 5 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाची पदाधिकारी के साथ-साथ ई०वी०एम० कोषांग के नोडल पदाधिकारी, सहायक नोडल पदाधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। ई०वी०एम० पृथक्करण के दौरान मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। विधान सभावार पृथक किये गये EVMS (BU/CU/VVPAT) की सूची हार्ड कॉपी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के हस्तगत कराया गया।

## आदर्श आचार संहिता के तहत 577 पोस्टर और 275 बैनर हटाया गया

न्यूज़ स्केल सुपौल

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के अवसर पर प्रभावी आर्दश आचार संहिता का अनुपालन दृढ़ता से सुनिश्चित करते हुए दिनांक 13 अक्टूबर को सुपौल, निर्मली, वीरपुर एवं त्रिवेणीगंज अनुमंडल के सभी पांच विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अवस्थित सार्वजनिक सम्पत्ति यथा रेलवे, बस स्टैंड, सड़क, बिजली पोल, सरकारी सम्पत्ति-सरकारी कार्यालय, भवनों एवं निजी भवनों पर से विभिन्न राजनैतिक दलों का चुनाव प्रचार से संबंधित दिवाल लेखन, पोस्टर, बैनर एवं अन्य प्रचार सामग्री को हटाया / नष्ट किया गया। सुपौल जिलान्तर्गत 13 अक्टूबर तक विभिन्न राजनैतिक दलों से संबंधित दिवाल लेखन से संबंधित 55, पोस्टर से संबंधित 577, बैनर से संबंधित 275 एवं अन्य से संबंधित 33 चुनाव प्रचार सामाग्री हटा कर नष्ट किया गया।

# पुलिस ने छापेमारी कर 7560 बोतल कोडिन युक्त मादक पदार्थ पकड़ा

न्यूज़ स्केल प्रतापगंज





थाना क्षेत्र के सुखानगर पंचायत वार्ड 2 में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कोडिन युक्त कफ सीरप की भारी खेप पकड़ी। इस दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और वाहन को जप्त किया गया। पुलिस के अनुसार बरामद कफ सीरप की कुल कीमत 13 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। यह कारवाई आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है।

**गुप्त सूचना पर कार्रवाई** : थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार की रात एसएसबी और पुलिस बल के साथ वाहन चेकिंग और छापेमारी के लिए निकले थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि सुखानगर वार्ड 2 निवासी श्यामनन्दन कुमार अपने घर में भारी मात्रा में कोडिन युक्त कफ सीरप स्टॉक कर रहे हैं। सूचना पाते ही थानाध्यक्ष ने अपने वरिष्ठ पदाधिकारी और दंडाधिकारी के नेतृत्व में टीम के साथ निशानदेही स्थल पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की।

**घर की घेराबंदी और गिरफ्तारी** छापेमारी के दौरान श्यामनन्दन घर से भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। दंडाधिकारी सीओ आशु रंजन के समक्ष एनडीपीएस की धारा 50 के तहत नोटिस प्रदान किया गया।

**तलाशी में बड़ी खेप बरामद** पुलिस ने तलाशी के दौरान श्यामनन्दन के घर के कमरे से 56 कार्टून और बोरा बरामद किए। प्रत्येक बोतल 100 मिलीलीटर की थी, कुल 7560 बोतलें बरामद हुईं, जो कुल 756 लीटर कोडिन युक्त कफ सीरप के बराबर हैं। यह मात्रा इस क्षेत्र में अब तक पकड़ी गई सबसे बड़ी खेप मानी जा रही है।

**कानूनी कार्रवाई और जप्ती**

बरामद मादक पदार्थ को देखकर पुलिस ने श्यामनन्दन को गिरफ्तार किया और थाना लाकर मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। जप्त कफ सीरप की सूची दंडाधिकारी के समक्ष बनाई गई। वाहन भी जप्त कर लिया गया।

**पुलिस की तत्परता की सराहना**

थानाध्यक्ष ने बताया कि इतनी बड़ी खेप को पकड़ने में पुलिस की त्वरित कार्रवाई और तत्परता साफ दिखाई दी। इस कारवाई से न केवल क्षेत्र में मादक पदार्थ की तस्करी पर रोक लगेगी बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव के शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संचालन में भी मदद मिलेगी।

# करजाइन में एनएच 106 पर पेड़ गिरा, बाइक सवार गंभीर घायल, सूचना मिलते ही पुलिस ने पेड़ हटाया यातायात बहाल





न्यूज़ स्केल वीरपुर

राघोपुर प्रखंड के करजाइन थाना क्षेत्र के एनएच 106 सतपोखरिया के पास सोमवार रात करीब 11:30 बजे एक पेड़ अचानक गिरने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बसावनपट्टी वार्ड 4 निवासी 55 वर्षीय पवन मेहता के रूप में हुई है। पवन मेहता सिमराही से अपने घर बसावनपट्टी जा रहे थे, तभी उनकी बाइक के सामने अचानक पेड़ गिर गया।

**पुलिस की तत्काल कार्रवाई** करजाइन थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। गिरा हुआ विशाल पेड़ हटाने के लिए टीम ने काफी मशक्कत की। पुलिस ने यह सुनिश्चित किया कि रात के समय और कोई दुर्घटना न हो।

**घायल की त्वरित उपचार व्यवस्था** : घटना के बाद राहगीरों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। आनन-फानन में पवन मेहता को राघोपुर रेफरल अस्पताल लाया गया। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च चिकित्सा सुविधा वाले अस्पताल में रेफर कर दिया।

**यातायात बहाल और सुरक्षा पर जोर** : पेड़ हटाए जाने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात को सामान्य किया गया। पुलिस ने लोगों से अनुरोध किया है कि ऐसे हादसों से बचने के लिए रात के समय विशेष सतर्कता बरतें और सड़क किनारे लगे कमजोर पेड़ों पर ध्यान दें।

# बाजार से सामान लेकर घर लौट रही बुजुर्ग महिला को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत, जांच में जुटी पुलिस





न्यूज़ स्केल पिपरा

थाना क्षेत्र के एनएच 106 पर सोमवार की शाम कमलपुर तिलावे नदी पुल के समीप अज्ञात वाहन ने एक महिला को ठोकर मार दिया। बताया जा रहा है की इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई है। मृतक महिला की पहचान पिपरा थाना क्षेत्र के दीनापट्टी पंचायत के देवीपट्टी वार्ड 9 निवासी कुसुम लाल राम की 60 वर्षीय पत्नी दुखनी देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि उक्त बुजुर्ग महिला पिपरा बाजार से समान खरीद कर वापस अपने घर देवीपट्टी लौट रही थी।उसी दौरान कमलपुर तिलावे नदी के समीप एक अज्ञात वाहन ने दुखनी देवी को ठोकर मार दी। जिसके बाद राहगीरों ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरा लाया गया जहां अस्पताल में मौजूद डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर बाहर रेफर कर दिया, रेफर के बाद इलाज कराने ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। लोगों ने इसकी सूचना पिपरा पुलिस को दी मौके पिपरा पुलिस पहुंच जांच में जुट गई है। इस बाबत थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। इधर घटना को घरवालों में कोहराम मच गया है।

# राजनीतिक दलों के साथ व्यय प्रेक्षकों की बैठक सम्पन्न

**न्यूज स्केल बेतिया
पश्चिम चम्पारण**

जिला सभागार में आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन व्यय लेखा और चुनाव खर्च में पारदर्शिता को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र-01 से 05 के व्यय प्रेक्षक श्री अनिल कुमार और क्षेत्र-06 से 09 के श्री विनय कुमार कंथेटी उपस्थित थे। नगर आयुक्त नगर निगम बेतिया, श्री लक्ष्मण तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री लालबहादुर राय, तथा व्यय लेखा कोषांग के नोडल पदाधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

**निर्वाचन व्यय लेखा की जानकारी दी गई** : बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन व्यय लेखा रखने की बाध्यता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी खर्चों को पृथक और सही तरीके से रिकॉर्ड करने की प्रक्रिया समझाई गई। व्यय प्रेक्षक द्वारा खर्चों को निर्धारित रजिस्टर में दर्ज करने का तरीका बताया गया। बैठक में रैली, वाहन और अन्य चुनावी गतिविधियों के खर्चों की प्रविष्टि का तरीका भी समझाया गया।



**बैंकिंग चैनल और नकद खर्च के निर्देश :**
सभी राजनीतिक दलों को नगद खर्च करने के नियम और प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही, बैंक खाता खोलकर बैंकिंग चैनल के माध्यम से खर्च करने के महत्व पर जोर दिया गया। प्रतिनिधियों को एजेंट के खर्चों को रिकॉर्ड करने और आवश्यक दस्तावेजों के साथ संधारण करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। बैठक में तीन बार व्यय लेखा जाँच की प्रक्रिया और इसके पालन की जानकारी दी गई।

**कोषांगों की तैयारी और समीक्षा :**
व्यय प्रेक्षक अनिल कुमार और विनय कुमार कंथेटी ने जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण और एडीएम लोक शिकायत की उपस्थिति में विभिन्न कोषांगों की तैयारी की समीक्षा भी की। बैठक में सभी विभागों की तैयारियों की स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता और कार्यों के नियोजन की जानकारी ली गई। यह बैठक निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सही लेखा प्रबंधन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी गई।

## छठ महापर्व : श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

**न्यूज स्केल बेतिया
पश्चिम चम्पारण**

पश्चिम चम्पारण में जिला पदाधिकारी श्री धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में दीपावली और छठ महापर्व के अवसर पर जिले में स्वच्छता, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, नगर निगम, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य, विद्युत, जल संसाधन और अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**घाटों की तैयारी और स्वच्छता:** बैठक में छठ घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल सुविधा और शौचालय की स्थिति पर चर्चा की गई।



जिला पदाधिकारी ने सभी घाटों की समय पर सफाई और मार्गों की मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रामीण और नगर निकाय क्षेत्रों में पर्याप्त रोशनी और कीचड़ हटाने के काम की निगरानी करने का आदेश भी दिया गया।

**स्वास्थ्य एवं आपात व्यवस्था:** स्वास्थ्य विभाग को घाटों और भीड़ वाले स्थानों पर प्राथमिक उपचार केंद्र संचालित करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को सभी घाटों और प्रमुख स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने और खराब तारों एवं पोलों की तत्काल मरम्मत करने का आदेश दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में जाकर कार्यों की निगरानी करने और श्रद्धालुओं को किसी भी असुविधा से बचाने का निर्देश दिया। प्रशासन का उद्देश्य है कि दीपावली और छठ महापर्व के अवसर पर सभी श्रद्धालु सुरक्षित और सहज अनुभव प्राप्त करें।

**सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन: :**
जिला पदाधिकारी ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का पर्व है, इसलिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक बेतिया और बगहा ने बताया कि पर्व के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। घाटों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों में पुरुष एवं महिला पुलिस, एंटी-रोमियो स्क्वॉड और मोबाइल पेट्रोलिंग टीम सक्रिय रहेंगी।

## एसएसबी जवान की संदिग्ध परिस्थिति में मौत,पैतृक गांव में छाया मातम

**-तीन दिन पहले दशहरा की छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौटे थे अभिषेक-सिलीगुड़ी में एक पेट्रोल पंप के पास मिला शव-महज डेढ़ साल पूर्व हुई थी शादी**

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.) जिले में कोटवा थाना क्षेत्र के बडहरवा कला पूर्वी पंचायत अंतर्गत गैरा गांव निवासी एसएसबी जवान हरिशंकर झा के पुत्र अभिषेक राज (32 वर्ष) की सिलीगुड़ी में एक संदिग्ध दुर्घटना में मौत हो गई। अभिषेक एसएसबी सिक्किम 69 बीएम में कार्यरत थे। बताया गया है कि वे दशहरा के पूर्व छुट्टी लेकर घर आए हुए थे और 12 अक्टूबर को ड्यूटी पर लौटे थे।



परिवार वालों का कहना है कि वे पूरी तरह स्वस्थ और सामान्य अवस्था में ड्यूटी पर गए थे, लेकिन 14 अक्टूबर की सुबह उन्हें अभिषेक की मौत की सूचना मिली। अभिषेक का शव सिलीगुड़ी जंक्शन के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पाया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार के दिन उनके पिता ने एक ऑटो चालक के खाते में इलाज के लिए 3 हजार रुपये भेजे थे। शव मिलने के समय अभिषेक के हाथ और पैर पर पट्टियां बंधी हुई थीं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उन्हें पहले से चोटें आई थीं या किसी इलाज के बाद छोड़ा गया था। हालांकि, उनकी मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

अभिषेक की शादी महज डेढ़ वर्ष पूर्व सेमरा गांव में हुई थी। उनकी कोई संतान नहीं थी। जवान बेटे की असामयिक मौत की खबर से जहा परिजन बेहाल है वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने मामले की गहन जांच की मांग की है ताकि सच्चाई सामने आ सके। बताया गया है कि वहां की पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## बस-बाइक की टक्कर में एक की मौत

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)।जिले के ढाका पचपकड़ी मुख्यमार्ग में सोरपनिया नहर के समीप सरकारी बस व बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार की मौत हो गयी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक पचपकड़ी थाना क्षेत्र के रूपौलिया गोपी निवासी राम जायसवाल (40) है जबकि घायल पचपकड़ी निवासी आतीश चौधरी है। मृतक लोन जमा नहीं करनेवाले वाहनों की धड़ पकड़ करता था।




थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि बस को जब्त कर लिया गया है तथा चालक को हिरासत में रखा गया है। मामले में अबतक आवेदन नहीं प्राप्त हुआ है। आवेदन प्राप्त होने पर अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बतायासौं प मृतक बाइक से सोरपनिया की तरफ जा रहा था। इसी क्रम में ढाका की तरफ से आ रही बस से वह टकरा गया और दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल हालत में दोनों को इलाज के लिए मोतिहारी ले जाया गया, जहां इलाज के क्रम में राम जायसवाल की मृत्यु हो गयी। जबकि दूसरे की स्थिति नाजुक बताई जा रही।

## प्रशिक्षण से गायब 126 कर्मियों पर डीएम की बड़ी कार्रवाई, वेतन पर रोक, 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण की मांग

**गोपालगंज,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियों के बीच जिला प्रशासन ने निर्वाचन प्रशिक्षण से अनुपस्थित 126 कर्मियों पर सख्त कदम उठाया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम पवन कुमार सिन्हा ने स्पष्ट किया कि बिना कारण बताए प्रशिक्षण में गैरहाजिर रहने वाले कर्मियों का वेतन अगले आदेश तक रोक दिया जाएगा। सभी कर्मियों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। यह कर्मी पीठासीन पदाधिकारी, मतदान अधिकारी-1, मतदान अधिकारी-2 और मतदान अधिकारी-3 के रूप में चयनित थे और उन्हें प्रथम चरण के अनिवार्य प्रशिक्षण में




उपस्थित होना आवश्यक था।

**अनुपस्थिति को माननीय दिशा-निर्देशों का उल्लंघन बताया :** डीएम पवन कुमार सिन्हा ने अनुपस्थित कर्मचारियों की कार्रवाई को गंभीरता से लिया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में गैरहाजिरी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने अनुपस्थित कर्मियों की सूची तैयार कर इसे चुनाव आयोग को भेजने का निर्णय लिया है, ताकि आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**संदेश: निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता** : डीएम की सख्त कार्रवाई के बाद जिले के सरकारी कर्मियों में हड़कंप मच गया है। कई कर्मी अब आगामी प्रशिक्षण में किसी भी स्थिति में उपस्थित रहने की तैयारी कर रहे हैं। निर्वाचन कार्यालय ने भी संदेश जारी कर कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है और इसे लेकर किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग जारी रहेगी और किसी भी कर्मचारी की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**कर्मियों के बहाने और प्रशासन की सख्ती :**
प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, जिन कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, वे अब अपने बचाव में विभिन्न तर्क दे रहे हैं। कुछ स्वास्थ्य कारणों का हवाला दे रहे हैं, तो कुछ निजी कार्यों में व्यस्त रहने की दलील पेश कर रहे हैं। हालांकि, जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि निर्वाचन प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने का कोई भी बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीएम ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया, ईवीएम-वीवीपैट संचालन, रैंडमाइजेशन, मॉक पोल और आचार संहिता के पालन जैसे बिंदुओं को सुनिश्चित करना है।

## स्टैटिक चेक पोस्ट पर सैकड़ो वाहनों एवं व्यक्तियों की जांच

**दरभंगा,** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संचालन के लिए दरभंगा जिला प्रशासन ने सुरक्षा और आचार संहिता पालन को लेकर व्यापक तैयारियाँ की हैं। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत जिले में सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में आठ से अधिक स्थायी (स्टैटिक) चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं।

**24×7 निगरानी और नियमित जांच** : जिला प्रशासन के अनुसार इन चेक पोस्टों पर 24×7 निगरानी रखी जा रही है और नियमित रूप से वाहनों एवं व्यक्तियों की जांच की जा रही है। प्रत्येक स्टैटिक चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारीगण लगातार ड्यूटी कर रहे हैं और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को सुनिश्चित कर रहे हैं।



**जिले का संदेश और जनता से अपील** : जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे आदर्श आचार संहिता का पूर्ण पालन करें और निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के आदेश के अनुसार, आज सभी स्टैटिक स्थलों पर सैकड़ों गाड़ियों और व्यक्तियों की जांच की गई, जिससे मतदान पूर्व सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती सुनिश्चित हुई। दरभंगा प्रशासन का उद्देश्य है कि विधानसभा चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हों, और सभी मतदाता निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग कर सकें।

**स्थापित चेक पोस्टों के स्थल**
बिठौली – मुजफ्फरपुर-दरभंगा एनएच पथ की सीमा पर
राजे टोल प्लाजा – मुजफ्फरपुर-दरभंगा एनएच पथ पर
राजनगर सीमा – राजनगर-दरभंगा पथ की सीमा पर
पुनाच – सहरसा-दरभंगा पथ की सीमा पर
तिलकेश्वर थाना के पास – खगड़िया-कुशेश्वरस्थान पथ की सीमा पर
जमालपुर के पास – समस्तीपुर-दरभंगा पथ की सीमा पर
चंदौना के पास – सीतामढ़ी-दरभंगा पथ की सीमा पर
मोटगाह के पास – रोसड़ा-बहेड़ी पथ की सीमा पर

## दियारा क्षेत्रों में सघन छापेमारी की तैयारी, 6 नवंबर को शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने में जुटा प्रशासन

**गोपालगंज,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर 6 नवंबर को मतदान होना है, जिसे देखते हुए प्रशासन और पुलिस तंत्र पूर्ण सक्रिय मोड में हैं। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने दियारा और नदी किनारे के संवेदनशील क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सघन छापेमारी, चौकसी और निरंतर गश्त की रणनीति बनाई। ये इलाके व्यय संवेदनशील विधानसभा क्षेत्रों में आते हैं, जहां अवैध गतिविधियों और मतदाताओं को प्रभावित करने की संभावनाएं अधिक रहती हैं।



एसपी ने संबंधित थाना क्षेत्रों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे दिन-रात गश्त करें और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाएं। अवैध शराब, हथियार तस्करी या मतदाताओं को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले में चेकपोस्ट और पुलिस थानों की निगरानी सुदृढ़ की गई है। विशेष रूप से नदी मार्ग से होने वाले संभावित अवैध आवागमन पर पुलिस-प्रशासन की संयुक्त निगरानी जारी है। खुफिया निगरानी को और सशक्त कर दिये जाने के साथ ही फ्लाइंग स्क्वॉड, स्थैतिक दल और वीडियो सर्विलांस टीमों को सक्रिय किया गया है। एसपी ने आम नागरिकों से अपील की है कि संदिग्ध गतिविधि देखे जाने पर तुरंत थाना या कंट्रोल रूम को सूचना दें। प्रशासन का लक्ष्य है कि मतदान के दिन गोपालगंज जिले का वातावरण पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी रहे।

## पचास लाख रुपये मूल्य का गाजा बगहा में बरामद

**पश्चिम चम्पारण ,** (हि.स.)। पश्चिम चम्पारण के बगहा से 14 अक्टूबर (हि.स.) की रिपोर्ट के अनुसार, बगहा पुलिस जिला अंतर्गत रामनगर थाना ने विशेष वाहन जाँच अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर लौरिया-सवैया रोड पर कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि रामनगर थाना को सूचना मिली थी कि ई-रिक्शा से अवैध गांजा की खेप भेजी जा रही है।

सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष रामनगर ने तत्काल छापेमारी दल के साथ मौके पर पहुँचकर सघन जांच की। छापेमारी के दौरान एक ई-रिक्शा और उसमें लदे तीन



किलो एक सौ ग्राम गांजे के साथ ई-रिक्शा चालक एवं एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सूत्रों के अनुसार, जब्त गांजा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग पचास लाख रुपए का मूल्य रखता है। यह कार्रवाई नशा तस्करी रोकने और स्थानीय कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने में अहम कदम मानी जा रही है।

## एचबीएल सुगौली में डोगा पूजन के साथ गन्ना पेराई सत्र का हुआ शुभारंभ

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। एचपीसीएल बॉयोफ्यूल्स लिमिटेड की सुगौली इकाई में मंगलवार को बायलर पूजन और अग्नि प्रदीपण के साथ गन्ना पेराई सत्र 2025-26 का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रों के साथ पारंपरिक डोगा पूजन भी संपन्न हुआ, जिसके पश्चात अग्नि प्रज्ज्वलित बायलर में डाला गया।

कार्यकारी महाप्रबंधक रमेश शुक्ला ने बताया कि इस सत्र में 40 लाख क्विंटल गन्ना नवम्बर 2025 से मार्च 2026 तक पेराई करने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि, अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में हुई भारी वर्षा और खेतों में पानी जमा होने के कारण पेराई कार्य नवम्बर के प्रथम सप्ताह तक स्थगित करना पड़ा है। सुगौली इकाई के आरक्षित क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत खेतों में अगेती प्रजाति के गन्ने की खेती हुई थी। महाप्रबंधक ने किसानों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए कहा कि इस वर्ष भी सही तौल और समय पर दाम देने की परंपरा जारी रहेगी। उन्होंने मौसम के प्रतिकूल प्रभावों के बावजूद गन्ना की फसल को सुरक्षित मानते हुए



किसानों से रकवा बढ़ाने की अपील की।
इस अवसर पर आईटी प्रबंधक राजेश कुमार राव, गन्ना प्रबंधक अजय कुमार तिवारी, अभियंता हरिओम द्विवेदी, साजीद अख्तर, चन्द्रशेखर कुमार, रंजीत दूबे, विवेक कुमार सहित पूरी इंजीनियरिंग टीम उपस्थित रही। पूजा अर्चना मुख्य पुजारी कोजेन हेड प्रशांत केसरी ने की।
अधिकारियों और कर्मचारियों में आगामी पेराई सत्र को लेकर उत्साह और उमंग देखने को मिला।

# बाबा केदारनाथ धाम में पहली बार स्वयंसेवकों का पथ संचलन



**रुद्रप्रयाग,** (हि.स.)। हिमालय की मेरू और सुमेरू पर्वत श्रृंखलाओं की तलहटी में स्थित बाबा केदारनाथ धाम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवकों ने पहली बार पथ संचलन का आयोजन किया। घाटी में "राष्ट्र भक्ति ही देव भक्ति, देव भक्ति ही राष्ट्र भक्ति है" जैसे नारे गूंज उठे, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में उत्साह और प्रेरणा की लहर दौड़ गई।

संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित इस पथ संचलन में 106 गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रांत सेवा प्रमुख पवन ने कहा कि उत्तराखंड के चारधामों में प्रमुख केदारनाथ धाम में पथ संचलन का अनुभव अनूठा और अद्वितीय है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज को एकजुट करने और सनातनी परंपराओं के संरक्षण के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य पुजारी बागेश्व लिंग ने भी अपने विचार साझा किए और श्रद्धालुओं तथा समाज के लोगों को राष्ट्र और धर्म के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। जिला संघचालक तेजपाल खत्री, जिला प्रचारक पंकज, विभाग सेवा प्रमुख जगदीश जग्गी, जिला कार्यवाह शैलेन्द्र गौड़, खंड संघचालक दलवीर पुजारी, रोशन त्रिवेदी, लक्ष्मण बिष्ट, योगेन्द्र सेमवाल, केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी,
अंकित सेमवाल, प्रदीप त्रिवेदी और पंकज शुक्ला सहित समस्त सामान्य जन, संत समाज और तीर्थ पुरोहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

यह पथ संचलन न केवल धार्मिक महत्त्व रखता है, बल्कि राष्ट्रीय एकता, समाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को भी सुदृढ़ करने का संदेश देता है।

आयोजन में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं ने इस अनोखे अनुभव को यादगार बताया, जो भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के लिए प्रेरणा बनेगा।

# इरेडा का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 41 फीसदी बढ़कर 549 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। इरेडा का एकल शुद्ध लाभ 30 सितंबर को समाप्त जुलाई-सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 41 फीसदी बढ़कर 549 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 388 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि कंपनी की परिचालन आय चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 26 फीसदी बढ़कर 2,057 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 1,630 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का ऋण सालाना आधार पर 64,564 करोड़ रुपये की तुलना में 31 फीसदी बढ़कर 84,477 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह ऋण स्वीकृतियां 145 फीसदी बढ़कर 21,408 करोड़ रुपये हो गईं, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 8,724 करोड़ रुपये थीं। कंपनी का ऋण वितरण 4,462 करोड़ रुपये से 81 फीसदी बढ़कर 8,062 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा सितंबर तक कंपनी की कुल संपत्ति 12,920 करोड़ रुपये थी, जो एक साल पहले के 9,336 करोड़ रुपये से 38 प्रतिशत अधिक है।

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इरेडा लिमिटेड की चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे पर कहा कि मजबूत प्रगति के साथ, स्वच्छ ऊर्जा की ओर भारत की यात्रा अद्भुत गति पकड़ रही है। जोश और उद्देश्य के साथ इरेडा सतत विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रहा है, भारत के भविष्य को रोशन कर रहा है और हम सभी को एक हरित, उज्जवल कल के निर्माण के लिए प्रेरित कर रहा है।

इरेडा के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने इरेडा के दूसरी तिमाही के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सभी तिमाहियों में इरेडा की निरंतर वृद्धि हमारे रणनीतिक फोकस और निष्पादन की उत्कृष्टता को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि हमारी बढ़ती ऋण पुस्तिका और मजबूत वित्तीय स्थिति साझेदारों द्वारा हम पर रखे गए विश्वास का प्रमाण है और भारत के स्वच्छ ऊर्जा इकोसिस्टम में एक प्रमुख प्रवर्तक के रूप में हमारी भूमिका को सामने रखती है।

# केंद्र सरकार ने 16वें वित्त आयोग का कार्यकाल 30 नवंबर तक बढ़ाया




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्र सरकार ने 16वें वित्त आयोग का कार्यकाल को एक महीने बढ़ाकर 30 नवंबर तक कर दिया है। 16वां वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है, जो केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों पर सुझाव देता है।वित्त मंत्रालय ने 10 अक्टूबर को जारी की एक अधिसूचना में कहा कि 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर तक बढ़ाई जा रही है। सरकार ने 31 दिसंबर, 2023 को 16वें वित्त आयोग का गठन किया था। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया को इसका चेयरमैन बनाया गया था। इस आयोग को 31 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट देनी थी। 16वां वित्त आयोग मुख्य रूप से 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली 5 साल की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के बीच करों के वितरण पर सिफारिशें करेगा।

आयोग में चार सदस्य हैं, जिनमें सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू और अर्थशास्त्री मनोज पांडा आयोग के पूर्णकालिक सदस्य हैं, जबकि एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर अंशकालिक सदस्य हैं। केंद्र और राज्यों के बीच कर हस्तांतरण और राजस्व वृद्धि के उपायों पर सुझाव देने के अलावा, आयोग आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत गठित निधियों के संदर्भ में आपदा प्रबंधन पहलों के वित्तपोषण की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा भी करेगा।

# लिवर स्वस्थ रखने के लिए सेब और सही लाइफस्टाइल की अहमियत



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। लिवर की सेहत के लिए सेब को "अमृत फल" माना गया है। रोजाना 1-2 सेब खाने से लिवर की बिगड़ी हुई सेहत में सुधार आता है और फैटी लिवर की समस्या कम होती है। खासकर लाल रंग का सेब लिवर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद विटामिन, मिनरल, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर लिवर को नेचुरली डिटॉक्स करने में मदद करते हैं। सुबह खाली पेट 1 सेब खाने की आदत लिवर को स्वस्थ रखने के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। इससे शरीर से टॉक्सिक एलिमेंट्स बाहर निकलते हैं और लिवर में जमा फैट धीरे-धीरे कम होता है। लिवर को फिट रखने के लिए सिर्फ सेब ही नहीं, बल्कि संतुलित डाइट और सही लाइफस्टाइल भी जरूरी है। हाई प्रोसेस्ड फूड, जंक फूड और ज्यादा तला-भुना खाना लिवर के लिए नुकसानदायक है। इसके बजाय फल, सब्जियां और फाइबर युक्त आहार अपनाएं। साथ ही रोजाना कम से कम 30 मिनट की एक्सरसाइज करें। वॉक, जॉगिंग, योगा या कोई भी हाई इंटेंसिटी वर्कआउट लिवर फंक्शन को सुधारने में मदद करता है। फैटी लिवर की समस्या होने पर समय रहते सही डाइट और एक्सरसाइज अपनाना बेहद जरूरी है, जिससे लिवर की मरम्मत होती है और लंबी उम्र तक स्वस्थ रहने में मदद मिलती है।

# लटकी तोंद कम करने के लिए देसी घी VS ऑलिव ऑयल : कौन ज्यादा फायदेमंद



आज की लाइफस्टाइल में मोटापा और पेट की चर्बी यानी लटकी तोंद आम समस्या बन गई है। फैटी और प्रोसेस्ड फूड के अधिक सेवन से पेट की चर्बी बढ़ती है। इसे नियंत्रित करने के लिए खाने में सही प्रकार के फैट का चयन बेहद जरूरी है। ऑलिव ऑयल और देसी घी दोनों ही खाना पकाने में इस्तेमाल होते हैं, लेकिन इनके स्वास्थ्य लाभ अलग हैं। ऑलिव ऑयल में मोनोअनसैचुरेटेड फैट अधिक होता है, जो फैट मेटाबॉलिज्म बढ़ाने और भूख नियंत्रित करने में मदद करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स सूजन को कम करते हैं, जो पेट की चर्बी घटाने में फायदेमंद हैं। देसी घी में सैचुरेटेड फैट और ब्यूटिरिक एसिड होता है, जो पाचन और आंत के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। हालांकि पेट की चर्बी कम करने में ऑलिव ऑयल देसी घी से थोड़ी ज्यादा मददगार माना जाता है। सही मात्रा में इस्तेमाल करना दोनों के लिए जरूरी है।

# राशिफल : 15 अक्टूबर, 2025

मेष : लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-7-8-9

मिथुन : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-7-9

सिंह : अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

तुला : जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-2-5-7

धनु : स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्घ होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-3-5-7

कुम्भ : सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-4-7-8

वृष : आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्घि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-2-5-7

कर्क : अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्घि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-4-6

कन्या : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ नरम रहेगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-1-5-9

मकर : धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-8

मीन : उत्साह में वृद्घि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। शुभांक-1-4-6

# पंचांग : 15 अक्टूबर, 2025

15 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र कर्क में
मंगल तुला में
बुध तुला में
गुरु मिथुन में
शुक्र कन्या में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
तुला 06.11 बजे से
वृश्चिक 08.25 बजे से
धनु 10.41 बजे से
मकर 12.47 बजे से
कुंभ 14.33 बजे से
मीन 16.06 बजे से
मेष 17.36 बजे से
वृष 19.16 बजे से
मिथुन 21.15 बजे से
कर्क 23.28 बजे से
सिंह 01.44 बजे से
कन्या 03.56 बजे से
बुधवार 2025 वर्ष का 288वां दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) पक्ष कृष्ण
तिथि नवमी 10.34 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पुष्य 12.00 बजे को समाप्त।
योग साध्य 02.57 बजे रात्र को समाप्त।
करण गर 10.34 बजे तदनन्तर वणिज 22.31 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 23.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 080 32'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872498
जूलियन दिन 2460963.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551

हिजरी सन् 1447

महीना रबी उस्सानी

तारीख 22



# पर्थ के इरविन बैरक में शुरू हुआ भारत-ऑस्ट्रेलिया का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद'

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। ऑस्ट्रेलिया के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद' का चौथा संस्करण मंगलवार से ऑस्ट्रेलिया में शुरू हुआ। इसमें हिस्सा लेने के लिए भारतीय सेना की 120 कर्मियों वाली टुकड़ी ऑस्ट्रेलिया गई है। इस अभ्यास का उद्देश्य विविध परिचालन परिवेशों में दोनों सेनाओं की अंतर-संचालन क्षमता, संयुक्त योजना और कार्यान्वयन क्षमताओं को बढ़ाना है। इरविन बैरक में 26 अक्टूबर तक होने वाला संयुक्त अभ्यास शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों में आतंकवाद-रोधी अभियानों पर केंद्रित होगा। सैन्य प्रवक्ता के अनुसार इस अभ्यास में भाग लेने वाले दल संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों से लिए गए परिदृश्यों का भी अभ्यास करेंगे। जैसे-जैसे अभ्यास आगे बढ़ेगा, सैनिक व्यापक सामरिक युद्धाभ्यास, संयुक्त मिशन योजना और क्षेत्रीय प्रशिक्षण अभ्यासों में शामिल होंगे, जिन्हें परिचालन तालमेल का परीक्षण और परिशोधन करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस बातचीत से दोनों सेनाओं के बीच आपसी समझ और स्थायी सौहार्द को बढ़ावा मिलेगा। यह अभ्यास क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता के प्रति भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई सेनाओं की साझा प्रतिबद्धता में दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग की नींव को और मजबूत करेगा। ऑस्ट्रेलिया में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद' में भाग लेने के लिए भारतीय सेना की 120 कर्मियों वाली एक टुकड़ी पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) में इरविन बैरक के लिए रविवार को रवाना हुई थी। भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व गोरखा राइफल्स की एक बटालियन कर रही है, जिसमें अन्य टुकड़ियों के चयनित सैनिक भी शामिल हैं। इस वार्षिक अभ्यास का उद्देश्य आपसी सैन्य सहयोग को बढ़ाना, आपसी सहभागिता में सुधार करना और शहरी, अर्ध-शहरी इलाकों में उप-पारंपरिक युद्ध के क्षेत्र में रणनीति, तकनीक तथा प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करने के उद्देश्य से भाग लेने वाली सेनाओं के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह अभ्यास खुले एवं अर्ध-रेगिस्तानी क्षेत्रों में कंपनी-स्तर के संयुक्त परिचालन पर केन्द्रित होगा। इसमें सामरिक अभ्यास, विशेष हथियारों के कौशल और विविध मिशनों का प्रभावी संचालन शामिल है। यह अभ्यास संचालनात्मक क्षमताओं को परिष्कृत करने, उभरती प्रौद्योगिकियों के समेकन का परीक्षण करने तथा वास्तविक युद्ध परिस्थिति में संयुक्त क्रियान्वयन की दक्षता बढ़ाने का भी मौका देगा। अभ्यास ऑस्ट्राहिंद में भागीदारी से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा सहयोग को नई गति मिलेगी, साथ ही दोनों देशों की सेनाओं के बीच आपसी सौहार्द, समन्वय एवं विश्वास की भावना को भी बल मिलेगा। --

# राहुल गांधी चंडीगढ़ में आईपीएस वाई पूरन कुमार के परिवार से मिले

## – हरियाणा सरकार को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने का संदेश दिया

**चंडीगढ़,** (हि.स.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को चंडीगढ़ पहुंचे और आत्महत्या करने वाले हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के परिजनों से मिले। पत्नी अमनीत पी कुमार व उनकी बेटियों के साथ मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने हरियाणा सरकार को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने का संदेश दिया। हरियाणा के आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरन कुमार ने बीते 7 अक्टूबर को खुदकुशी कर ली। उनके पास से मिले सुसाइड नोट में



हरियाणा सरकार के वरिष्ठ आईपीएस और पीसीएस अधिकारियों के नाम थे। इन सभी पर पूरन कुमार ने उत्पीड़न और उनके करियर को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए थे। आईपीएस वाई पूरन कुमार ने अपने सुसाइड नोट में डीजीपी शत्रुजीत कपूर का नाम लिखा था, जिसके बाद बीती रात उन्हें छुट्टी पर भेज दिया गया है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को चंडीगढ़ पहुंचे और वाई पूरन कुमार की आईएएस पत्नी अमनीत पी कुमार व उनकी बेटियों से मुलाक़ात की। उनके साथ हरियाणा के नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, सांसद कुमारी सैलजा, वरूण चौधरी, दीपेंद्र सिंह हुड्डा समेत कई नेता मौजूद थे। परिवार से मुलाकात के बाद

राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह एक परिवार का मामला नहीं है। देश के करोड़ों दलित भाई-बहनों में इस घटना से गलत संदेश जा रहा है कि वे कितने ही उच्च मानसिक क्षमता वाले, योग्य और कामयाब क्यों न हों, अगर वे दलित हैं, तो उन्हें दबाया जा सकता है। उन्हें कुचला जा सकता है।

राहुल गांधी ने कहा कि इसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सीधा संदेश देते हुए कहा कि सरकार ने बेटियों को जो आश्वासन दिया है, उसे पूरा की कीजिए। उन्होंने कहा कि सरकार अब तमाशा बंद करे। उन्होंने कहा कि परिवार पर जो दबाव है, उसे तुरंत हटाया जाए। राहुल ने कहा कि आईपीएस अधिकारी को मरने के बाद सम्मान मिलना चाहिए। परिवार ने दो-टूक कहा है कि अगर सम्मान नहीं दिया, तो हम मानेंगे नहीं। परिवार की मांग को पूरी तरह से सही ठहराते हुए राहुल ने कहा कि यह एक परिवार की नहीं, बल्कि हिंदुस्तान के हर दलित भाई-बहन के सम्मान की बात है।

# कनाडा से लौटा हथियार तस्कर पकड़ा गया, छह पिस्तौल व कारतूस बरामद

**चंडीगढ़,** (हि.स.)। पंजाब पुलिस ने कनाडा व पाकिस्तान से जुड़े हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार करके उसके पास से छह पिस्तौल व कारतूस बरामद बरामद किये हैं।




पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने एक अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने अमृतसर के थाना तरसिक्का के डेयरीवाल निवासी अमरबीर सिंह उर्फ अमर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 6 पिस्तौल, 11 मैगज़ीन, .30 बोर के 91 जिंदा कारतूस और 9 मिमी के 20 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार तस्कर हाल ही में कनाडा से लौटा था और पाकिस्तानी तस्करों के संपर्क में था। इस संबंध में पुलिस की तरफ से एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पूरे सीमा पार तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आगे की जांच जारी है। इस केस में अब तक कुल 9 पिस्तौल, 101 जिंदा कारतूस (.30 बोर), 20 जिंदा कारतूस (9 मिमी) बरामद किए जा चुके हैं।

# दुर्गापुर गैंगरेप पीड़ित छात्रा से फोन पर बोले ओडिशा के मुख्यमंत्री – "चिंता मत करो, राज्य सरकार पूरी तरह तुम्हारे साथ"

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार ओडिया युवती से फोन पर बात कर उन्हें हौसला दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि ओडिशा सरकार पूरी तरह पीड़िता के साथ है। मुख्यमंत्री ने युवती के शीघ्र स्वस्थ होने और शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने का भरोसा भी दिलाया।

**दोषियों को सख्त सजा दिलाने का भरोसा ल** माझी ने कहा कि राज्य सरकार दोषियों को जल्द से जल्द और उदाहरणात्मक सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने युवती की मां से भी बातचीत कर उन्हें भरोसा दिलाया कि अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



**महिला आयोग की अध्यक्ष से चर्चा** : मुख्यमंत्री ने ओडिशा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष शोभना महांती से भी बातचीत की। उन्होंने उन्हें निर्देश दिए कि पश्चिम बंगाल सरकार के साथ निरंतर संपर्क में रहें और पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाएं। माझी ने यह भी कहा कि दोषियों पर दबाव बनाने के लिए सभी संभव मंचों का उपयोग किया जाएगा।

**उपचार और परिवार से संपर्क** पीड़िता वर्तमान में उपचाराधीन है। इससे पहले मुख्यमंत्री माझी ने पीड़िता के पिता से भी बात कर स्थिति की जानकारी ली थी। इस पहल से स्पष्ट होता है कि ओडिशा सरकार पीड़िता और उसके परिवार के साथ हर स्तर पर खड़ी है और न्याय दिलाने के प्रयासों में पूरी सक्रियता दिखा रही है।

**01: माझी ने युवती की मां से भी बात कर उन्हें भरोसा दिलाया कि अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।**

---------------

**02: ओडिशा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष शोभना महांती से चर्चा कर पश्चिम बंगाल सरकार के साथ संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए।**

---------------

**03: दोषियों पर दबाव बनाने के लिए सभी मंचों का उपयोग किया जाएगा।**

# राहुल गांधी के आने से पहले छुट्टी पर भेजे गए हरियाणा के डीजीपी

**चंडीगढ़,** (हि.स.)। हरियाणा सरकार ने आईपीएस वाई पूरन कुमार आत्महत्या केस में निशाने पर आए राज्य के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेज दिया । सरकार ने यह आदेश सोमवार आधीरात करीब एक बजे जारी किया। रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजरानिया का तबादला सरकार पहले ही कर चुकी है। वाई पूरन कुमार की आईएएस अधिकारी पत्नी अमनीत पी कुमार और उनके विधायक साले अमित रतन कोटफत्ता समेत कई दलित संगठन पुलिस महानिदेशक व एसपी को गिरफ्तार और निलंबित करने की मांग कर रहे थे। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 17 अक्टूबर को सोनीपत के राई में होने वाली जन



विश्वास-जन विकास रैली स्थगित हो गई है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्योग मंत्री चिराग पासवान मंगलवार को चंडीगढ़ वाई पूरन कुमार के परिजनों से मिलने आ रहे हैं। इससे पहले सरकार ने यह बड़ा निर्णय लिया। अब वाई पूरन कुमार के पोस्टमार्टम व अंतिम संस्कार को लेकर परिवार के निर्णय पर सबकी निगाहें हैं। बदले हालातों में आज वाई पूरन कुमार का पोस्टमार्टम हो सकता है।

# मप्र के रतलाम में मिला दुर्लभ जीव पैंगोलिन, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**रतलाम,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में स्थित ग्राम सिमलावदा में सोमवार को दुर्लभ जीव पैंगोलिन मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची और पैंगोलिन को रेस्क्यू किया। उसे पिंजरे में बंद कर वन विभाग कार्यालय लाया गया है।



बताया गया है कि ग्रामीण दूलेसिंह दायमा के मकान में रविवार रात को पैंगोलिन दिखाई दिया था। तब ग्रामीण ने उसे बिना नुकसान पहुंचाए शौचालय में बंद कर दिया था। सुबह रतलाम जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल जायसवाल जो कि गांव सिमलावदा के ही निवासी है, उन्हें सूचना दी। जब गांव में इस जीव के होने की जानकारी मिली तो ग्रामीण इसे देखने पहुंचे। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने दायमा के घर में शौचालय में पैंगोलिन को रेस्क्यू कर पिंजरे में कैद किया।

वन विभाग रतलाम परिक्षेत्र के सहायक सुखसिंह डांगी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर जाकर जीव को सुरक्षित रेक्स्यू कर वन विभाग कार्यालय में रखा है। वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश के बाद इसे छोड़ा जाएगा। डांगी के अनुसार उन्होंने भी पहली बार इस तरह का जीव देखा है, जो कि हलके पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाता है। शाम को भी सिमलावदा समेत आसपास के क्षेत्र में जाकर सर्चिंग की है तो कि और भी इस प्रकार के जीव तो नहीं है।

जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जायसवाल ने बताया कि सुबह गांव के दुलेसिंह दायमा ने इस बारे में बताया। रात भर सुरक्षा कर उसे जीव को सुरक्षित रखा। पहली बार में गांव में इस तरह का जीव देखा गया। रात भर ध्यान रखने पर जायसवाल ने ग्रामीण दायमा को पांच हजार रुपए का इनाम देकर सम्मानित भी किया।



# मेक्सिको में बरसात से तबाही, 64 नागरिकों की मौत, 65 लापता

मेक्सिको सिटी, 14 अक्टूबर (हि.स.)। मेक्सिको में बरसात से भारी तबाही हुई है। संघीय सरकार ने सोमवार सुबह इस विभीषिका की विवरण जारी किया।

विवरण के अनुसार, पिछले हफ्ते मेक्सिको में बरसात, बाढ़ और भूस्खलन के दौरान 64 नागरिकों की मौत हो गई। 65 लोग अब भी लापता हैं। मौतों की संख्या में वृद्धि होने की आशंका है। अमेरिकी महाद्वीप के देश मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम की सुबह की प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा प्रमुख लॉरा वेलाजक्वेज ने कहा कि यह मौतें अत्यधिक भारी बारिश वाले चार राज्यों में हुईं।

मेक्सिको न्यूज़ डेली की रिपोर्ट के अनुसार, लॉरा वेलाजक्वेज ने कहा कि वेराक्रूज सबसे अधिक प्रभावित राज्य है। यहां 29 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग लापता हैं। हिडाल्गो में 21 लोगों की मौत हो गई है और 43 लोग लापता हैं। इसके अलावा पुएब्ला में 13 नागरिकों की मौत हुई है और चार लोग लापता हैं। क्वेरेटारो में भूस्खलन में एक व्यक्ति और एक छह वर्षीय लड़के की जान चली गई। वेलाजक्वेज ने कहा कि चार राज्यों में 6 से 9 अक्टूबर के बीच भारी बारिश हुई। मूसलाधार बारिश के कारण कई राज्यों में नदियां उफान पर आ गईं और भूस्खलन हुआ।

बाढ़ ने वेराक्रूज़, हिडाल्गो, पुएब्ला, क्वेरेटारो और सैन लुइस पोटोसी के कई नगर पालिकाओं को प्रभावित किया। संघीय अवसंरचना, संचार और परिवहन मंत्री जेसुस एंटोनियो एस्टेवा मदीना ने बताया कि बाढ़ और भूस्खलन के कारण संघीय राजमार्गों में 132 जगह रुकावट आई। शीनबाम ने कहा कि इनमें से दो को छोड़कर बाकी सभी रुकावटें दूर कर दी गई हैं।

संघीय विद्युत आयोग की निदेशक एमिलिया एस्तेर कैलेजा अलोर ने बताया कि बाढ़ प्रभावित राज्यों में लगभग 2,63,000 बिजली उपभोक्ताओं को परेशानी हुई। सोमवार सुबह 6 बजे तक इनमें से 84 प्रतिशत उपभोक्ताओं की बिजली सेवा बहाल कर दी गई थी। रक्षामंत्री रिकार्डो ट्रेविला ने बताया कि मैक्सिकन सेना और राष्ट्रीय रक्षक दल के 7,347 सदस्यों को वेराक्रूज, हिडाल्गो, पुएब्ला, क्वेरेटारो और सैन लुइस पोटोसी में तैनात किया गया है।

## हमास ने इजराइल को सौंपा नेपाली छात्र विपिन जोशी का शव, पोस्टमार्टम के बाद स्वदेश लाने की तैयारी

काठमांडू, (हि.स.)। हमास ने सोमवार को गाजा में बंधक नेपाली छात्र विपिन जोशी का शव को रेडक्रॉस के मार्फत इजराइल को सौंप दिया। तीन अन्य बंधकों के साथ सौंपे गए विपिन के शव को पोस्टमार्टम के बाद नेपाल लाने की तैयारी है। रेडक्रॉस की टीम सोमवार रात चार शव इजराइल डिफेंस फोर्स को सौंपे। इजराइल में नेपाल के राजदूत धन बहादुर पंडित ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद विपिन का शव दूतावास को सौंपा जाएगा। उसके बाद उसे नेपाल भेजा जाएगा। राजदूत पंडित ने बताया कि विपिन जोशी के परिवार को इसकी जानकारी दे दी गई है। उनके शव को काठमांडू होते हुए उनके पैतृक निवास स्थान धनगढ़ी तक पहुंचाया जाएगा। विपिन जोशी की मौत की खबर से नेपाल में शोक है। विपिन जोशी के भाई ने कहा कि यह परिवार के लिए हृदयविदारक है। संवेदना देने के लिए सुबह से ही सैकड़ों लोग जोशी के घर पर पहुंचे हैं। जोशी की मां और बहन इस समय अमेरिका में हैं। वह नेपाल आ रही हैं। कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अन्य दर्जनभर छात्रों सहित सितंबर 2023 में इजराइल पहुंचे विपिन जोशी की सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने बंधक बना लिया था।

## नेपाल में संसद विघटन और अंतरिम सरकार गठन को कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल के तीन प्रमुख दल संसद विघटन और सरकार गठन के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिट दायर करने की तैयारी कर रहे हैं। भंग की गई प्रतिनिधि सभा के स्पीकर देवराज घिमिरे ने मंगलवार को तीनों प्रमुख दलों की बैठक बुलाकर संसद विघटन और सरकार गठन को चुनौती देने के लिए एक साथ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करने को कहा है। इस बैठक



में स्पीकर घिमिरे ने कहा कि अलग-अलग रिट दाखिल करने से बेहतर है सभी संयुक्त रूप से इसे दाखिल करें। इस बैठक में नेपाली कांग्रेस के तरफ से प्रवक्ता डॉ. प्रकाश शरण महत,नेकपा एमाले के तरफ से पूर्व कानून मंत्री पद्मा अर्याल और माओवादी के तरफ से राष्ट्रीय सभा के सांसद और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता खिमलाल देवकोटा की उपस्थिति रही। इसके अलावा नेपाल बार एसोशिएशन के तरफ से भी अलग से रिट दाखिल करने की तैयारी हो रही है। नेपाली कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. प्रकाश शरण महत ने कहा कि उनकी पार्टी के तरफ से संसद विघटन के अंतरिम सरकार के फैसले को कोर्ट में चुनौती देने के लिए पूरी तैयारी की जा चुकी है। नेकपा एमाले की नेता तथा पूर्व कानून मंत्री पद्मा अर्याल ने कहा कि संविधान के दायरे से बाहर जाकर अंतरिम सरकार द्वारा संसद विघटन का फैसला किए जान के खिलाफ कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। साथ ही इस सरकार का गठन भी संविधान की धारा के मुताबिक नहीं होने के कारण उसकी वैधता पर भी सवाल खड़ा किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में आज मंगलवार से नियमित सुनवाई शुरू होने जा रहीं है। जेन जी आंदोलन के दौरान आगजनी के कारण खंडहर बन चुके अदालत परिसर में आज 35 दिन के बाद नियमित सुनवाई होने जा रही है। साथ ही आज से रिट दाखिल करने को कहा गया है।

### बुलेटिन बॉक्स

» यूएनजीए में भारत का प्रतिनिधित्वः निशिकांत दुबे ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान पर बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

--------------

» वजीर मोहम्मद का निधनः पाकिस्तान के सबसे उम्रदराज़ क्रिकेटर वजीर मोहम्मद का 95 साल की उम्र में बर्मिंघम में निधन।

--------------

» ऑस्ट्रेलियाई टीम में बदलावः एडम ज़म्पा और जोश इंग्लिस भारत के खिलाफ पहले वनडे मैच से बाहर; उनकी जगह मैथ्यू कुहनेमन और जोश फिलिप को शामिल किया गया।

## पाकिस्तान कर रहा है बच्चों के अधिकारों का घोर उल्लंघन : भारत

**न्यूयॉर्क,** (हि.स.)।

**सीमा-पार हमलों और अफगान बच्चों की मृत्यु – पाकिस्तानी हवाई हमलों में कई बच्चे मारे गए और घायल हुए।**

-------------

**ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद विरोधी कार्रवाई – भारत ने आतंकवादी शिविरों पर हमले कर आतंकवादियों को समाप्त किया।**

-------------




संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में भारत के प्रतिनिधि, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पाकिस्तान पर गंभीर आरोप लगाए। दुबे ने कहा कि पाकिस्तान 'बच्चों और सशस्त्र संघर्ष' (सीएसी) एजेंडे का उल्लंघन कर रहा है और अपनी सीमाओं के भीतर बच्चों के खिलाफ अत्याचारों को दुनिया से छिपाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उपदेश देना बंद करे और अपने देश में बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

**सीमा-पार हमलों और अफगान बच्चों की मृत्यु** दुबे ने अफगानिस्तान और भारत में पाकिस्तान के सीमा-पार हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तानी सेना के हवाई हमलों में कई बच्चों की मौत हुई और कई गंभीर रूप से घायल हुए। उन्होंने इस तरह के हमलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंभीर चिंता का विषय बताया और पाकिस्तान को 'आईने में देखने' की सलाह दी।

**बाल अधिकारों की सुरक्षा में भारत की पहल** : दुबे ने भारत द्वारा बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए 'बाल हेल्पलाइन' और बाल तस्करी रोकने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने सदस्य देशों का आभार जताया, जिन्होंने भारत के प्रयासों को सराहा। दुबे ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग और पारदर्शिता महत्वपूर्ण है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

**ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद विरोधी कार्रवाई**

सांसद ने भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' का हवाला देते हुए कहा कि इसके दौरान भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकवादी शिविरों पर हमले किए और कई आतंकवादियों को समाप्त किया। यह कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ भारत की सतत प्रयासों का उदाहरण है।

## हमारे आंतरिक मामलों में दखल ना दे अफगानिस्तान : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद,** (हि.स.)। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के तालिबान शासन से अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर के मामलों पर टिप्पणी करने से बचने का अनुरोध करते हुए साफ किया है कि उसे अपने आंतरिक मामलों में बाहरी सलाह की आवश्यकता नहीं है। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफ़क़त अली खान ने एक बयान में यह बात कही। बयान के मुताबिक, हमने तालिबान शासन के एक प्रवक्ता द्वारा पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के बारे में हाल में दिए गए बयानों पर ध्यान दिया है। बयान में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय



राजनयिक मानदंडों के अनुसार अन्य देशों के मामलों में हस्तक्षेप न करने के सिद्धांत का पालन किया जाना चाहिए। पाकिस्तान को अपने आंतरिक मामलों में बाहरी सलाह की आवश्यकता नहीं है। पाकिस्तानी प्रवक्ता ने कहा, "हम उम्मीद करते हैं कि तालिबान शासन दोहा प्रक्रिया के दौरान अंतरराष्ट्रीय समुदाय से किए गए अपने दायित्वों और वादों का पालन करेगा।" उन्होंने कहा कि तालिबान शासन को अफगानिस्तान की ज़मीन का इस्तेमाल दूसरे देशों के ख़िलाफ़ आतंकवाद के लिए नहीं करने देना चाहिए। इसके अलावा उसे निराधार प्रचार में शामिल होने के बजाय एक सहयोगपूर्ण और सच्चे प्रतिनिधित्व वाली सरकार के गठन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## जेन जी हमले के बाद पहली बार आज नजर आ सकते हैं पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल में हुए जेन जी विद्रोह के दौरान बुरी तरह से घायल नेपाली कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा आज 35 दिन के बाद सार्वजनिक कार्यक्रम में सहभागी होने जा रहे हैं। नेपाली कांग्रेस की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक आज दोपहर 1 बजे सानेपा में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में होने वाली है। इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा के सहभागी होने की उम्मीद है। पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष पूर्ण बहादुर खड़का ने बताया कि आज की केंद्रीय समिति की बैठक में उपस्थित होने के लिए देउवा ने अपनी सहमति दी है। जेन जी विद्रोह के दूसरे दिन 9 सितंबर को उनके निवास पर प्रदर्शनकारियों ने हमला



कर दिया था। हमले में शेर बहादुर देउवा और उनकी पत्नी दा आरजू राणा देउवा को जख्मी हो गए थे। बाद में हेलीकॉप्टर के जरिए उन्हें वहां से बचाकर सैनिक अस्पताल पहुंचाया गया था। केंद्रीय कार्यालय के मुख्य सचिव कृष्ण प्रसाद पौडेल के अनुसार, आज की केंद्रीय समिति की बैठक जेन-जी आंदोलन के बाद बदलते राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा करने और पार्टी की भविष्य की रणनीति तैयार करने पर केंद्रित होगी। नेपाली कांग्रेस के शीर्ष नेता पिछले कई दिनों से लगातार चर्चा में हैं और देउवा से अध्यक्ष का पद छोड़ने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं। पार्टी में देउवा को पद से हटाने के लिए और और नए नेतृत्व के चयन के लिए उनके ही दोनों महामंत्री गगन थापा और विश्वप्रकाश शर्मा के तरफ से हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

## स्पेसएक्स के मेगा स्टारशिप रॉकेट का परीक्षण सफल, दुनिया के आधे हिस्से का चक्कर लगाया

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। दुनिया के सबसे धनी व्यक्तियों में शुमार एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने सोमवार को अपने विशाल स्टारशिप रॉकेटों में से एक और को परीक्षण उड़ान पर प्रक्षेपित किया। स्पेसएक्स का यह परीक्षण सफल रहा। स्टारशिप रॉकेट ने पिछली बार की तरह इस दफा भी दुनिया के आधे हिस्से का सफलतापूर्वक चक्कर लगाया। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार अब तक का सबसे विशाल और सबसे शक्तिशाली रॉकेट टेक्सास के दक्षिणी सिरे से आकाश में गर्जना के साथ उड़ा। बूस्टर रॉकेट अलग हो गया और योजना के अनुसार मेक्सिको की खाड़ी में नियंत्रित रूप से प्रवेश किया। अंतरिक्ष यान



हिंद महासागर में उतरने से पहले अंतरिक्ष में उड़ता रहा। इस अवसर पर स्पेसएक्स के डैन ह्यूट ने अपने साथियों के साथ घोषणा की, " स्टारशिप की पृथ्वी पर सफल वापसी। स्वागत है।" उन्होंने कहा कि स्टारशिप की 11वीं परीक्षण उड़ान सफल रही। इसका उपयोग स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क लोगों को मंगल ग्रह पर भेजने के लिए करना चाहते हैं। नासा की जरूरत अधिक तात्कालिक है। एलन मस्क के 14 अक्टूबर के एक्स पर अधिकतर पोस्ट स्पेसएक्स स्टारशिप रॉकेट के सफल प्रक्षेपण पर केंद्रित रहे। मस्क ने स्पेसएक्स का एक वीडियो री-पोस्ट किया। इसमें स्टारशिप रॉकेट की 11वीं परीक्षण उड़ान का सफल स्प्लैशडाउन दिखाया गया। यह रॉकेट के इस संस्करण की अंतिम परीक्षण उड़ान रही। मस्क स्टारशिप प्रक्षेपण के लाइव स्ट्रीम पर भी अचानक नजर आए। इसे एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने पोस्ट किया। मस्क ने इस पोस्ट को भी री-पोस्ट किया।

## वेनेजुएला में सोने की खदान ढहने से कम से कम 14 की मौत



**कैराकास,** (हि.स.)। वेनेजुएला के बोलीवार राज्य में भारी बारिश के बाद एक सोने की खदान ढहने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि यह दुर्घटना एल कैलाओ नगरपालिका स्थित स्वर्ण खदान में हुई। इस बीच राष्ट्रीय आपदा प्रणाली की टीमों ने बताया कि दुर्घटना में 14 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। लापता लोगों की तलाश के प्रयास जारी हैं। खदान की अलग-अलग जगहों से तीन शव बरामद किए गए हैं जबकि अन्य मृतकों के शवों की बरामदगी की कोशिश की जा रही है। अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, "बचाव कार्य पहली चरण में है। क्षेत्र के सभी शाफ्टों से पानी को पंप करके जल स्तर कम किया जा रहा है। इसके बाद नए सिरे से बचाव प्रयासों का मूल्यांकन किया जाएगा।"

# भारत में वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ, शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया ने जीती पहली टेस्ट सीरीज




**नई दिल्ली,** भारतीय क्रिकेट टीम ने घरेलू सरजमीं पर वेस्टइंडीज को 2-0 से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज अपने नाम कर ली। शुभमन गिल की कप्तानी में यह टीम इंडिया की पहली टेस्ट सीरीज जीत रही। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी दिन 3 विकेट खोकर जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में दमदार प्रदर्शन किया और 390 रन बनाए, जिससे भारत को छोटा लेकिन चुनौतीपूर्ण लक्ष्य मिला। जवाब में केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 108 गेंदों में नाबाद 58 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उनके साथ साई सुदर्शन ने 39 रनों की उपयोगी पारी खेली। दोनों ने मिलकर टीम को जीत की मंजिल तक पहुंचाया। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहली पारी में 518/2 रन बनाकर पारी घोषित की थी। युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 175 और कप्तान शुभमन गिल ने 129 रनों की शानदार पारियां खेलीं। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की पहली पारी 248 रनों पर सिमट गई और टीम इंडिया ने फॉलोऑन लागू किया। दूसरी पारी में मेहमान टीम ने संघर्ष दिखाया, लेकिन भारत की बढ़त बहुत बड़ी साबित हुई। अहमदाबाद में खेले गए पहले टेस्ट में भारत ने पारी और 140 रनों से एकतरफा जीत दर्ज की थी। इस तरह सीरीज के दोनों मुकाबलों में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-0 से वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ कर दिया। गौरतलब है कि यह वेस्टइंडीज की भारतीय सरजमीं पर लगातार छठी टेस्ट सीरीज हार है। कैरेबियाई टीम 1983-84 के बाद से भारत में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है। इतना ही नहीं, 1993-94 से अब तक वेस्टइंडीज भारत में एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत सकी है। भारत के खिलाफ पिछले 27 टेस्ट मैचों से वेस्टइंडीज जीत का स्वाद नहीं चख पाई है। उनकी आखिरी जीत मई 2002 में किंग्सटन में दर्ज हुई थी। भारत के लिए यह जीत नई युवा कप्तानी के तहत आत्मविश्वास और निरंतरता का प्रतीक मानी जा रही है।

## पाकिस्तान क्रिकेट में शोक की लहर : दिग्गज बल्लेबाज वजीर मोहम्मद का 95 वर्ष की आयु में निधन



पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और सबसे उम्रदराज टेस्ट खिलाड़ी वजीर मोहम्मद का 13 अक्टूबर को इंग्लैंड के बर्मिंघम में 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह महान बल्लेबाज हनीफ, मुश्ताक और सादिक मोहम्मद के बड़े भाई थे। वजीर ने 1952 से 1959 के बीच पाकिस्तान के लिए 20 टेस्ट मैच खेले और 801 रन बनाए, जिसमें 2 शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। 1957-58 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में उनकी 189 रनों की पारी आज भी याद की जाती है। क्रिकेट से संन्यास के बाद उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सलाहकार के रूप में कार्य किया और बाद में ब्रिटेन में बस गए। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वजीर एक शानदार बल्लेबाज और विवेकी व्यक्ति थे। उनके निधन से पाकिस्तान क्रिकेट जगत ने अपने शुरुआती दौर के एक प्रेरणास्रोत को खो दिया है।

## ऑस्ट्रेलिया को दो बड़े झटके, एडम जम्पा और जोश इंग्लिस पहले ODI से बाहर




भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 अक्टूबर से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले कंगारू टीम को दो बड़े झटके लगे हैं। टीम के स्टार लेग स्पिनर एडम जम्पा और विकेटकीपर जोश इंग्लिस पहले मुकाबले से बाहर हो गए हैं। जम्पा निजी कारणों से पर्थ में होने वाले पहले ODI में नहीं खेल पाएंगे, जबकि इंग्लिस पिंडली की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं।ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने दोनों खिलाड़ियों की जगह मैथ्यू कुहनेमैन और जोश फिलिपे को टीम में शामिल किया है। एडम जम्पा की पत्नी हैरिएट अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं, जिस कारण उन्होंने अपने परिवार के साथ रहने का फैसला किया है। हालांकि, उम्मीद जताई जा रही है कि वह एडिलेड और सिडनी में होने वाले दूसरे और तीसरे वनडे में टीम से जुड़ेंगे।मैथ्यू कुहनेमैन की वापसीकुहनेमैन को लगभग तीन साल बाद वनडे टीम में मौका मिला है। यह उनका ऑस्ट्रेलियाई धरती पर पहला वनडे मैच होगा। उन्होंने इससे पहले 2022 में श्रीलंका दौरे पर चार वनडे खेले थे। पिछले एक साल में वे लगातार टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं, जिनमें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका तथा न्यूजीलैंड टूर शामिल हैं।इंग्लिस की चोट, कैरी की वापसी दूसरे मैच में जोश इंग्लिस को पर्थ में ट्रेनिंग के दौरान पिंडली में खिंचाव आया था। वे पहले और दूसरे वनडे से बाहर रहेंगे, लेकिन उम्मीद है कि सिडनी में तीसरे वनडे तक फिट हो जाएंगे। वहीं, विकेटकीपर एलेक्स कैरी क्वींसलैंड के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच खेलने के बाद दूसरे वनडे से टीम से जुड़ेंगे।ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम: मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, कूपर कॉनॉली, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, मिचेल ओवेन, जोश फिलिपे, मैट रेनेशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क, एडम जम्पा।

## वर्ल्ड एथलेटिक्स ने की ट्रैक एथलीट ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स के लिए नामित खिलाड़ियों की घोषणा



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने सोमवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स अवॉर्ड्स 2025 के तहत विमेंस ट्रैक एथलीट ऑफ द ईयर और मेंस ट्रैक एथलीट ऑफ द ईयर श्रेणियों के लिए नामित खिलाड़ियों की सूची जारी की। दोनों श्रेणियों में पाँच-पाँच एथलीटों को नामांकित किया गया है। मतदान प्रक्रिया के माध्यम से प्रत्येक श्रेणी से दो-दो फाइनलिस्ट चुने जाएंगे। यह नामांकन 2025 सीजन में हुए शानदार प्रदर्शनों को दर्शाता है, खासकर वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में दर्ज रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन। विमेंस ट्रैक श्रेणी में नीदरलैंड्स की फेम्के बोल (400 मीटर हर्डल्स चैंपियन), केन्या की बीट्रिस चेबेट (5000 और 10,000 मीटर चैंपियन), अमेरिका की मेलिसा जेफरसन-वूडेन (100, 200 और 4x100 मीटर चैंपियन), फेथ किपयेगॉन (1500 मीटर चैंपियन व रिकॉर्डधारी) और सिडनी मैकलॉफलिन-लेवरॉन (400 मीटर और 4x400 मीटर चैंपियन) को नामित किया गया है। मेंस ट्रैक श्रेणी में अमेरिका के राय बेंजामिन (400 मीटर हर्डल्स चैंपियन), नोआ लायल्स (200 मीटर और 4x100 मीटर चैंपियन), कॉर्डेल टिंच (110 मीटर हर्डल्स चैंपियन), फ्रांस के जिमी ग्रेसियर (10,000 मीटर चैंपियन) और केन्या के इमैनुएल वान्योनी (800 मीटर चैंपियन) शामिल हैं। वोटिंग वर्ल्ड एथलेटिक्स के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स — फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स (X) — पर 19 अक्टूबर तक चलेगी। फील्ड एथलीट ऑफ द ईयर के नामांकन 20 अक्टूबर और आउट ऑफ स्टेडियम एथलीट ऑफ द ईयर के नामांकन 27 अक्टूबर को घोषित होंगे।

## संजू सैमसन की केरल रणजी टीम में वापसी, लाल गेंद क्रिकेट में नए अध्याय की शुरुआत



**तिरुवनंतपुरम,** (हि.स.)।भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन करीब एक साल बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करने जा रहे हैं। 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले केरल बनाम महाराष्ट्र मुकाबले में उनकी मौजूदगी सबसे बड़ा आकर्षण होगी। सैमसन ने पिछला फर्स्ट क्लास मैच 2024 में कर्नाटक के खिलाफ खेला था।राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी और भारतीय टी20 टीम के व्यस्त कार्यक्रम के कारण वे हाल में सीमित ओवर क्रिकेट पर केंद्रित रहे, लेकिन अब फिर से लाल गेंद क्रिकेट में उतरने को तैयार हैं। इस सीजन केरल की कप्तानी मोहम्मद अजहरुद्दीन के पास होगी, जबकि बाबा अपराजित उपकप्तान रहेंगे। सैमसन की वापसी न केवल खेल बल्कि भावनात्मक रूप से भी खास मानी जा रही है। पिछले वर्ष उनका केरल क्रिकेट संघ (केसीए) से टकराव सुर्खियों में रहा था, जब विजय हजारे ट्रॉफी टीम से बाहर किए जाने के बाद विवाद हुआ था। राजनीतिक नेता शशि थरूर तक ने इस मुद्दे पर आवाज उठाई थी। अब उनके और केसीए के बीच सुलह के संकेत हैं। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि सैमसन की मौजूदगी से ड्रेसिंग रूम का आत्मविश्वास बढ़ेगा। केरल पिछली बार फाइनल तक पहुंचा था, और इस बार ट्रॉफी जीतने की उम्मीदें और भी ऊंची हैं। सैमसन रणजी के शुरुआती मैच के बाद 29 अक्टूबर से भारत–ऑस्ट्रेलिया टी20 श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे।

## पर्थ वनडे से बाहर हुए एडम ज़म्पा और इंग्लिस, कूहनेमन और फिलिप को मौका



**पर्थ,** (हि.स.)। भारत के खिलाफ पर्थ में होने वाले पहले वनडे मैच से ऑस्ट्रेलिया को दो बड़े झटके लगे हैं। टीम के लेग स्पिनर एडम जम्पा और विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंग्लिस पहले मुकाबले से बाहर हो गए हैं। जम्पा पारिवारिक कारणों से उपलब्ध नहीं रहेंगे क्योंकि उनकी पत्नी गर्भावस्था के अंतिम चरण में हैं। वे एडिलेड या सिडनी में टीम से जुड़ सकते हैं और टी20 सीरीज में उनके खेलने की संभावना है। वहीं, जॉश इंग्लिस पिंडली की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं, जिसके कारण वे पहले और संभवतः दूसरे वनडे से भी बाहर रहेंगे। उनकी जगह मैथ्यू कूहनेमन और जॉश फिलिप को टीम में शामिल किया गया है। कूहनेमन तीन साल बाद वनडे टीम में लौटे हैं। उन्होंने हाल ही में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार विकेट और एक अर्धशतक दर्ज किया था। जॉश फिलिप पर्थ वनडे में विकेटकीपिंग की भूमिका निभाएंगे क्योंकि एलेक्स कैरी शील्ड मैच खेलने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। चयनकर्ता खिलाड़ियों के कार्यभार का ध्यान रखते हुए ऐशेज की तैयारी भी जारी रखे हुए हैं। कैमरन ग्रीन शुरुआती दो वनडे खेलेंगे, जबकि तीसरे मुकाबले से पहले उन्हें आराम दिया जा सकता है।

## ओलंपिक पदक विजेता अमन सेहरावत ने डब्ल्यूएफआई से एक साल का प्रतिबंध हटाने की अपील की, गलती मानी



**नई दिल्ली,** (हि.स.)।पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता पहलवान अमन सेहरावत ने अपने ऊपर लगे एक साल के प्रतिबंध को हटाने की अपील की है। विश्व चैंपियनशिप में वजन बनाने में विफल रहने के कारण भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने यह कार्रवाई की थी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के सम्मान समारोह में अमन ने गलती स्वीकार करते हुए कहा कि यह उनकी पहली चूक है और वे डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह से निर्णय पर पुनर्विचार की अपील करेंगे। अमन ने कहा, "मैं उनसे मिलकर अनुरोध करूंगा, यह मेरी पहली गलती है, दोबारा नहीं होगी।" डब्ल्यूएफआई ने 23 सितंबर को अमन को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और 29 सितंबर को जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर एक साल का प्रतिबंध लगाया। अमन ने बताया कि प्रतियोगिता से पहले अचानक पेट दर्द के कारण वे वजन घटाने की प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबंध उनके करियर को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा, क्योंकि आगामी वर्ष में एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप जैसे बड़े टूर्नामेंट हैं। अमन ने कहा कि वे खेल मंत्रालय से भी मदद की अपील करेंगे ताकि उन्हें दोबारा प्रतिस्पर्धा का मौका मिल सके।